'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 144 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए शुक्रवार, 09 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com

**बिना हेलमेट के 1,03,368 और बिना नंबर प्लेट के काटे 4814 चालान**





हरियाणा सरकार ने किसान हित में लिया ऐतिहासिक फैसला

## खरीफ और बागवानी फसलों के लिए किसानों को प्रति एकड़ 2000 रुपये का मिलेगा बोनस

एक एकड़ से कम जोत वाले किसान को भी मिलेगा 2000 रुपये का बोनस

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारी वर्तमान केंद्र व हरियाणा सरकार सदैव किसान हित में फैसले लेती आई है। इसी कड़ी में आज मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों के हित को सर्वोपरि रखते हुए खरीफ फसलों सहित बागवानी फसलों पर 2000 रुपये प्रति एकड़ की दर से बोनस देने का निर्णय लिया है। किसानों को दिए जाने वाले एक मुश्त बोनस पर सरकार का 1300 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। उन्होंने बताया कि इस बार 4 जून से 29 जुलाई तक 87 मिलीमीटर ही बारिश हुई और किसान को ट्यूबवेल व अन्य संसाधनों पर खर्च अधिक करना पड़ा। फसल उत्पादन के लिए हुए अतिरिक्त खर्च के कारण फसलों की लागत भी बढ़ी है। इसलिए सरकार ने किसानों के हित में यह बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारवार्ता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वे एक गरीब किसान के बेटे हैं और किसान की पीड़ा को बखूबी समझते हैं। खरीफ फसल सीजन में हमारे अन्नदाता को कई प्रकार की कठिनाई से जूझना पड़ा है। सरकार ने निर्णय लिया है कि सभी खरीफ फसलों के साथ-साथ फल, फूल व अन्य फसलों पर भी प्रति एकड़ 2000 रुपये बोनस दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं जो छोटे किसान हैं,



जिनके पास एकड़ से कम जमीन है उन्हें भी 2000 रुपये बोनस दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी मई में 48.6 मिलीमीटर, जून में 86.6 और जुलाई में 265 मिलीलीटर बारिश हुई थी और इस बार उससे कम बारिश हुई है। अन्नदाता के हित में आज की मंत्रिमंडल की बैठक में सर्वसम्मति से बोनस देने का निर्णय लिया है। इससे पहले भी हुई मंत्रिमंडल की बैठक में अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे आबियाना को खत्म किया था। उन्होंने किसानों से अपील की है कि जो किसान अब तक मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपनी फसल का रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पाए हैं, वे 15 अगस्त 2024 तक फसल का रजिस्ट्रेशन अवश्य करवा लें।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की हर बात पर राजनीति करने की आदत है। वे झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने का काम करते हैं। भूपेंद्र हुड्डा ने अपने कार्यकाल के दौरान स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को भी डस्टबिन में फेंक दिया था और वे किसान हित की बातें करते हैं। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस की किसानों के लिए कुछ करने की न ही नीति और न ही नीयत है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार जन कल्याण के फैसले ले रही है, चाहे वह किसान हित के हों, चाहे कर्मचारी हित के हों और चाहे मीडिया कर्मियों की भलाई के लिए हों।

**विनेश फौगाट को हरियाणा सरकार देगी ओलंपिक सिल्वर मेडल विजेता के लाभ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि विनेश फौगाट हरियाणा की बेटी है और उनके ओलंपिक में किए गए प्रदर्शन पर हमें बहुत गर्व है। विनेश फौगाट ने न केवल हरियाणा का बल्कि भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय पटल पर रौशन किया है। उन्होंने कहा कि किन्हीं भी कारणों से वो भले ही ओलंपिक का फाइनल नहीं खेल पाई हों लेकिन हम सबके लिए वो एक चैंपियन है। इसलिए हरियाणा सरकार ने फैसला किया है कि विनेश फौगाट को ओलंपिक रजत पदक विजेता के समान ईनाम और सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने मनु भाकर और सरबजोत सिंह को भी ओलंपिक में पदक हासिल करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## कांग्रेस के पास होती विधायकों की पूरी संख्या तो विनेश फोगाट को भेजती राज्यसभा : हुड्डा

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पहलवान विनेश फोगाट को राज्यसभा भेजने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस के पास विधायकों की संख्या पूरी होती तो निश्चित ही पार्टी विनेश को राज्यसभा भेजती। क्योंकि विनेश फोगाट ने खेलों में देश का नाम रोशन किया है। इस ओलंपिक में उनका प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। उन्होंने दुनियाभर की धुरंधर पहलवानों को पटकनी दी। पहले ही मैच में उन्होंने जापान की ऐसी पहलवान को हराया जो अब तक अजेय रही थीं। अगर उन्हें अयोग्य नहीं ठहराया जाता तो निश्चित ही विनेश देश के लिए गोल्ड मेडल लेकर आतीं। इसलिए उन्हें राज्य सरकार द्वारा गोल्ड मेडल विजेता वाला ही इनाम, सम्मान और पद दिया जाना चाहिए।कांग्रेस पार्टी की भावना है कि विनेश फोगाट को राज्यसभा भेजा जाना चाहिए। इससे तमाम खिलाड़ियों, महिलाओं का हौसला बढ़ेगा और पूरे देश में सकारात्मक संदेश जाएगा।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मिलने के लिए आज शूटिंग में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली मनु भाकर और



उनके माता-पिता भी पहुंचे। हुड्डा ने मनु भाकर को बहुत-बहुत बधाई और आशीर्वाद दिया। इस मौके पर सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा भी मौजूद रहे। उन्होंने भी मनु भाकर को बधाई व शुभकामनाएं दी। हुड्डा ने कहा कि छोटी उम्र में मनु भाकर ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने सिर्फ अपने माता-पिता, गांव व प्रदेश का ही नहीं, बल्कि पूरे देश का मान बढ़ाया है।

अपने आवास पर पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पेरिस ओलंपिक में देश की बेटी और हरियाणा की शान विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित किया जाना, बहुत दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है,ऐसी शंका है कि इसमें कोई साजिश है। भारतीय ओलंपिक संघ को उनके अयोग्य घोषित करने के फैसले को चुनौती देनी चाहिए और इसकी जांच होनी चाहिए।

हुड्डा ने कहा कि खिलाड़ियों को इनाम और सम्मान देने में किसी भी तरह की कोई कमी-पेशी नहीं होनी चाहिए। क्योंकि खेल युवा शक्ति को उचित दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है। इसीलिए कांग्रेस कार्यकाल के दौरान 'पदक लाओ, पद पाओ' की खेल नीति बनाई गई थी। इसमें खिलाड़ियों को डीएसपी जैसे उच्च पदों पर नियुक्ति का प्रावधान किया गया था। कांग्रेस सरकार ने 750 से ज्यादा खिलाड़ियों को खेल नीति के तहत सरकारी विभागों में नियुक्तियां दी थीं। साथ ही खिलाड़ियों के लिए नौकरियों में तीन प्रतिशत कोट का प्रावधान किया गया था। खिलाड़ियों को देश में सबसे ज्यादा 5 करोड़ रुपए तक की नकद इनाम राशि देने की शुरूआत भी कांग्रेस ने ही की थी। इस नीति की पूरे देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में सराहना हुई थी।

आज उत्तर प्रदेश और मणिपुर जैसे भाजपा शासित राज्य भी कांग्रेस की उस नीति का अनुसरण कर रहे हैं। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने इस नीति को खत्म कर दिया और खिलाड़ियों से इंस्पेक्टर व डीएसपी जैसे पदों पर नियुक्ति का अधिकार छीन लिया। इस सरकार ने नौकरियों में खिलाड़ियों का 3 प्रतिशत कोटा भी लगभग समाप्त कर दिया है। लेकिन प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर फिर से 'पदक लाओ, पद पाओ' नीति को लागू किया जाएगा। स्कूल प्रतियोगिताओं से लेकर ओलंपिक तक हर स्तर पर खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देना कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता होगी।

## झूठे वायदें कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है सरकार : कुमारी सैलजा

कहा-प्रदेश में चहुं ओर हड़ताल ही हड़ताल, सरकार सो रही है चादर तान

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि झूठे वायदे कर प्रदेश की जुमलेबाज भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है, केंद्र सरकार जैसा अग्निवीरों के साथ कर रही है वैसा ही खेल प्रदेश सरकार एचकेआरएन कर्मचारियों के साथ खेल रही हैं। प्रदेश में चारो ओर हड़ताल ही हड़ताल है, कही कर्मचारी, कही आंगनबाडी, कही शिक्षक, कही डॉक्टर, कभी नर्स तो कभी लिपिक हड़ताल पर है, किसानों की हड़ताल तो जारी है, लोगों मे असुरक्षा का भाव है, रोजी रोटी को लोग भागम भाग हैं, चारों और अफरा तफरी मची हुई है पर सरकार है कि चादर तानकर सो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आते ही सबसे पहले हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग कर युवाओं को पक्की नौकरी दी जाएगी।

मीडिया को जारी बयान में



कुमारी सैलजा ने कहा है कि वायदा करके मुकर जाने की प्रदेश की भाजपा सरकार की पुरानी आदत है। प्रदेश में किसान, मजदूर, युवा, महिलाएं, विद्यार्थी और कर्मचारी हड़ताल पर है, गूंगी बहरी सरकार चादर तानकर गहरी नींद में सो रही है। एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं ठप हैं। हड़ताल से एनीमिया कार्यक्रम, टीकाकरण, एंबुलेंस सेवा, कैंसर मरीजों की जांच, गर्भवती का पंजीकरण आदि सुविधाएं प्रभावित हैं। पर सरकार हठधर्मिता पर अडिग है। जुमलेबाज सरकार झूठे वायदे कर अपने दिन पूरे कर रही है क्योंकि उसे पता है कि इस बार भाजपा जाने वाली है और कांग्रेस आने वाली है। केंद्र सरकार ने अग्निवीरों की भर्ती कर युवाओं के साथ धोखा किया हैं ऐसा ही धोखा प्रदेश सरकार एचकेआरएन के तहत भर्ती करके युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में एक लाख आठ हजार पद खाली है जबकि लाखों युवा बेरोजगारों की कतार में खड़े हुए हैं। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली इस भाजपा सरकार को युवा सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाकर रहेगी। युवाओं ने इसका ट्रेलर लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूरे देश में दिखा दिया है।

उन्होंने कहा है कि एचकेआरएन के तहत पीएचडी तक शिक्षित युवाओं को 15000- 22000 रुपये प्रति माह मानदेय पर रखकर प्रतिभाओं का अपमान किया जा रहा है। योग्यता के आधार पर नौकरी देने का दावा करने वाली सरकार को आत्ममंथन करना चाहिए कि क्या उसने योग्यता के आधार पर नौकरी दी है। एचकेआनएन के तहत काम करने वाले युवा दस साल बाद ओवरएज हो जाएंगे तब उन्हें नौकरी कौन देगा, वे कही पर नौकरी मांगने लायक भी नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसी भी वर्ग के लोगों के साथ न्याय नहीं कर पाई है। रोजी-रोटी, कपड़ा और मकान की बात भूलकर सरकार किसी न किसी बहाने से जनता को गुमराह कर रही है क्योंकि भाजपा के पास आज जनता के सवालों के जवाब नही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही सबसे पहल एचकेआरएन को भंग कर युवाओं को पक्की नौकरी दी जाएगी। विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही समय बाकी है ऐसे में भाजपा सरकार तरह तरह की घोषणाएं कर जनता को गुमराह करना चाहती है।

**11 अगस्त को सैलजा नारनौंद में**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा 10 अगस्त को हांसी व 11 अगस्त को सुबह 10.00 बजे नारनौंद (हिसार) की अनाजमंडी में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगी।

## नागरिकों की सुरक्षा ही प्राथमिकता : पीसी मीणा

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** नागरिकों को किसी भी प्रकार के जान-माल का खतरा नहीं हो, बिजली निगम की लाइनों से किसी व्यक्ति एवं कर्मचारी को कोई नुकसान न हो। इसके लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने कार्यकारी अभियंता को सुरक्षा अधिकारी लगाया है। ऐसा डीएचबीवीएन में पहली बार हुआ है कि किसी कार्यकारी अभियंता को सुरक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इस बारे में निर्देश देते हुए पीसी मीणा, मंडलायुक्त हिसार एवं प्रबंध निदेशक डीएचबीवीएन ने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा ही प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि एक बिजली वितरण कंपनी के रूप में, एक सुरक्षित और दुर्घटना-मुक्त प्रणाली बनाए रखना हमारा दायित्व है। हाल के अवलोकनों ने विद्युत लाइनों, खंभों, ट्रांसफार्मर, फीडर खंभे जैसे उपभोक्ता आवासों की विद्युत संपत्तियों की खतरनाक स्थितियों को उजागर किया है। मीटर और मीटर बॉक्स खंभों पर स्थापित किए गए। ये गंभीर सुरक्षा चिंताएं पैदा करते हैं और कभी-कभी घातक और गैर-घातक दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। उन्होंने बताया कि इसी के मध्यनज़र बिजली की लाइनों से



संबंधित किसी भी प्रकार के खतरे की सूचना सीधे मुख्यालय को दी जा सकेगी। कार्यकारी अभियंता (सुरक्षा) के मोबाइल- व्हाट्सएप नंबर 9050960500 पर कोई भी नागरिक ऐसे स्थान का फोटो, वीडियो, गूगल लोकेशन या लैंडमार्क, उपमंडल क्षेत्र के नाम आदि के द्वारा जानकारी दे सकता है। जान माल के खतरे से बचाव करते हुए, टूटे हुए खंबे, बिजली की तारों, सपोर्ट वायर, अर्थ वायर, ट्रांसफार्मर, मीटर बॉक्स अथवा अन्य किसी में आने वाले करंट की सूचना भी उपभोक्ता इस व्हाट्सएप नंबर 9050960500 पर तुरंत दे सकते हैं। निगम द्वारा उसे तुरंत ही ठीक करवाया जाएगा।

श्री मीणा ने कहा कि एसडीओ स्तर पर फील्ड में कार्यरत स्टाफ कनिष्ठ अभियंता, फोरमैन, लाइनमैन, सहायक लाइन स्टाफ ने गहन सुरक्षा अभियान चलाना है। एसडीओ की भागीदारी से सभी क्षेत्र प्रभारी एएलएम, एलएम, एएफएम और जेई अपने क्षेत्र-वार जिम्मेदारियों के अनुसार सिस्टम की कमियों व दोषों को दूर करेंगे। अगले 15 दिनों के भीतर क्षेत्र में संपूर्ण सुरक्षा अभियान चला कर, शुरुआत में ही सारे क्षेत्र में सुधार करेंगे। क्षेत्र प्रभारी को नियमित रूप से सभी विद्युत संपत्तियों की गश्त करनी हैं और नामित फीडर प्रभारी को विद्युत प्रणाली के नियमित रखरखाव और सुरक्षित स्थिति में रखरखाव के लिए एक निगरानी पुस्तिका बनाए रखनी है। इस पुस्तिका में सिस्टम में पाए जाने वाले सभी दोषों व कमियों को जीपीएस निर्देशांक सहित शामिल किया जाना है। इसमें फीडर का नाम, ट्रांसफार्मर का नाम, क्षेत्र, जीपीएस लोकेशन के साथ पाई गई या देखी गई कमियां एवं किये गये अनुरक्षण कार्य का विवरण दर्ज करना है। प्रत्येक माह के अंत में, एएलएम, एलएम, एएफएम, जेई और एसडीओ को संबंधित ऑपरेशन के कार्यकारी अभियंता के माध्यम से संबंधित एसई को एक प्रमाण पत्र और गश्त रिकॉर्ड जमा करना होगा। प्रमाणपत्र में लिखा होना चाहिए कि उनके अधिकार क्षेत्र के तहत प्रणाली ठीक से बनी हुई है और संभावित खतरों से मुक्त है। एसडीओ को सिस्टम की खामियों व कमियों को दूर करने के लिए किए गए कार्यों का शत-प्रतिशत निरीक्षण व सत्यापन करना होगा। कार्यकारी अभियंता को कम से कम 25 प्रतिशत निरीक्षण व सत्यापन करना होगा। इसी तरह एसई ऑपरेशंस को कम से कम 10 प्रतिशत कार्य का निरीक्षण एवं सत्यापन करना होगा। मुख्य अभियंता ऑपरेशन पूरे क्षेत्र के लिए एक समेकित रिपोर्ट तैयार करेगा। इस रिपोर्ट को घातक और गैर-घातक दुर्घटनाओं के लिए मासिक ऑल टाइम डायरेक्टर्स बैठक के एजेंडे में शामिल कर अपडेट करेंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी संबंधित कार्मिकों को इनका सावधानीपूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

विद्युत प्रणालियों की सुरक्षा बनाए रखने और दुर्घटनाओं को रोकने के निर्देश में यह भी दोहराया गया है कि निगम की वेबसाइट पर कर्मचारियों और आम जनता के लिए उपलब्ध सुरक्षा मैनुअल और वीडियो को प्रचार-प्रसार के साथ उनका पालन किया जाना चाहिए। बिजली की तारों में आ रहे करंट से बचाव जरूरी है।

## तीन महीने से लापता युवक नोएडा से किया बरामद

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा कैट और छांयसा की टीम ने करीब 3 महीने से लापता 28 वर्षीय युवक को तलाश किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 26 अप्रैल 2024 को थाना छांयसा में गुमशुदगी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उसका पति 25 अप्रैल से लापता है और उन्होंने उसे ढूंढने की बहुत कोशिश की परंतु वह कहीं नहीं मिला, जिसपर थाने में मुकदमा दर्ज करके युवक की तलाश के लिए टीम का गठन किया गया। इस मामले में क्राइम ब्रांच कैट और छांयसा थाने की टीम ने कार्रवाई करते हुए तकनीकी तथा गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर युवक के नोएडा में होने का पता लगाया और उसे तलाश कर बरामद कर लिया। पूछताछ करने पर सामने आया कि युवक तुड़े का काम करता था जो उसने अपने कई दोस्तों से 10 लाख से अधिक रुपए उधार ले रखे थे जिसे वह चुका नहीं पा रहा था, तो वह फरीदाबाद छोडकर नोएडा चला गया और वहां जाकर किसी कंपनी में नौकरी करने लगा जिसे पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया। बातचीत के दौरान समझा बुझाकर युवक को उसके परिजनों के हवाले किया गया है।

## अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा 30 की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अरमान है जो सेक्टर 19 बाबा नगर का रहने वाला है जिसे अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से ओल्ड एरिया में तालाब के पास से काबू किया था। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से पिस्टल व 2 जिंदा रौंद बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ थाना ओल्ड में अवैध हथियार रखने की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार किया गया। अरमान ने पूछताछ में बताया कि यह अवैध हथियार वह अपने जीजा से लेकर आया था जो दिल्ली में रहता है जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। पुलिस पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा में मान्यता प्राप्त मीडियाकर्मियों को सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज यहां हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में 60 वर्ष से अधिक आयु के मान्यता प्राप्त मीडियाकर्मियों के लिए पेंशन योजना में महत्वपूर्ण संशोधनों को मंजूरी दी गई।



इन संशोधनों में लाभार्थी मीडियाकर्मी के खिलाफ कभी भी कोई आपराधिक मामले दर्ज होने की स्थिति में पेंशन बंद करने के नियम को हटा दिया गया है। इसी प्रकार, मीडियाकर्मी का आचरण पत्रकारिता के निर्धारित सिद्धांतों नैतिकता के विरूद्ध पाये जाने पर उनकी पेंशन बंद करने के नियम को भी खत्म कर दिया गया है। इसके अलावा, परिवार पहचान पत्र के अनुसार प्रति परिवार केवल एक सदस्य ही मासिक पेंशन के लिए पात्र होगा, अब इस नियम को भी हटा दिया गया है।

वर्तमान में, राज्य सरकार द्वारा दैनिक, सायं, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्रों, समाचार एजेंसियों, रेडियो स्टेशनों, समाचार चैनलों के मान्यता प्राप्त मीडियाकर्मियों को 15,000 रुपये की मासिक पेंशन प्रदान की जा रही है। हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) अध्यादेश, 2024 लाने का निर्णय लिया है।

हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 6 और 11 तथा हरियाणा नगरपालिका अधिनियम, 1973 की धारा 10 में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत एलपीजी उपभोक्ता के रूप में पंजीकृत परिवारों के लिए राज्य में नई एलपीजी योजना के कार्यान्वयन को मंजूरी दी गई। यह योजना 1 अगस्त, 2024 से लागू होगी।

इस योजना के तहत हरियाणा राज्य के सभी पंजीकृत बीपीएल परिवारों को 500 रुपये प्रति सिलेंडर (14.2 किलोग्राम घरेलू सिलेंडर) की दर से प्रति वर्ष 12 सिलेंडर प्रदान किए जाएंगे।

सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत मौजूदा सोसायटियों द्वारा नए पंजीकरण नम्बर प्राप्त करने की समय सीमा बढ़ाकर हरियाणा सोसायटी पंजीकरण एवं विनियमन नियम, 2012 में संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने आज अनुबंधित कर्मचारियों के हित में बड़ा ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अनुबंधित कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी देने का फैसला किया है। इससे प्रदेशभर में लगभग 1 लाख 20 हजार अनुबंधित कर्मचारियों को बड़ा लाभ मिलेगा। सरकार का यह निर्णय आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट- 1 और पार्ट-2 सहित एचकेआरएन के तहत कार्यरत अनुबंधित कर्मचारियों पर लागू होगा।

## मैरिज गार्डन से मोबाइल फोन चोरी करने वाला गिरफ्तार



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा ऊंचागांव की टीम ने चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राजू है जो पलवल के गदपुरी का रहने वाला है। दिनांक 30 अप्रैल को थाना सेक्टर 58 में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें 22 अप्रैल को देवांश ग्रीन वाटिका में शादी समारोह से बैग में रखे 4 मोबाइल फोन चोरी हुए थे। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की जा रही थी जिसमें क्राइम ब्रांच की टीम ने तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपी को कल गदपुरी कॉलोनी के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी के चारों मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वेटर का काम करता है और वारदात की रात वह वाटिका में काम करने गया था जहां कुछ महिलाओं ने चार मोबाइल फोन एक बैग में डालकर डीजे के पास रखे थे और आरोपी ने उसे चोरी कर लिया जिन्हें पुलिस द्वारा बरामद किया जा चुका है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेजा जाएगा।

# मोहम्मदपुर में ग्रामीणों ने किया स्कूल बंद, आफताब अहमद छात्रों से मिलने पहुंचे स्कूल

## बीजेपी ने मेवात की शिक्षा को बर्बाद करने का किया प्रयास, दस साल से षड़यंत्र जारी: आफताब अहमद

अनिल मोहनियां नूंह

नूंह जिले के मोहम्मदपुर गांव में ग्रामीणों ने राजकीय प्राथमिक स्कूल बंद कर दिया तब वहां पढ़ रहे 175 छात्रों पर काफी समय से एक भी नियमित शिक्षक शिक्षा विभाग ने नियुक्त नहीं किया। सरपंच सहित गांव के जिम्मेदार लोगों द्वारा बार बार मांग के बावजूद जिला शिक्षा विभाग शिक्षक मुहैया कराने में कामयाब नहीं हुआ तो स्थानीय विधायक व कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद गुरुवार को स्कूल पहुंचे जहां उन्होंने छात्रों और अभिभावकों से बातचीत की। इस दौरान स्थानीय लोगों के अलावा पीसीसी सदस्य महताब अहमद भी उनके साथ मौजूद थे। बता दें कि इस स्कूल में चार नियमित शिक्षकों के पद मंजूर हैं बीते कई सालों से एक भी स्थाई शिक्षक नियुक्त नहीं किया हुआ, एक गेस्ट शिक्षक जनवरी में सेवानिवृत होने के बाद अब एक भी नियमित शिक्षक नहीं है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि पूरे स्कूल में सैंकड़ों छात्रों पर एक भी नियमित शिक्षक नियुक्त नहीं करना बीजेपी सरकार की मेवात की शिक्षा



के प्रति नीति और नीयत को दर्शाता है। 50 फीसदी से अधिक शिक्षकों के पद मेवात के स्कूलों में खाली पड़े हैं, 10 साल से राज कर रही बीजेपी सरकार की विफलता शर्मनाक है। एक तरफ कांग्रेस सरकार ने मेवात को ऐतिहासिक शिक्षा का केडर दिया था तो बीजेपी ने मेवात केडर में लगे लोगों को भी जिले से बाहर भेजने का गैर कानूनी कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मेवात की तालीम को प्रभावित करने के लिए ये सोची समझी सरकारी साजिश है। इसके खिलाफ वो हर संघर्ष कर रहे हैं और यहां की तालीम को बर्बाद नहीं होने देंगे। कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस राज में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, बहुतकनिकी संस्थान, मानू संस्थान, जेबीटी संस्थान, आरोही स्कूल, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, सालाहेड़ी महिला कॉलेज, नर्सिंग संस्थान, यूनानी मेडिकल कॉलेज, आई टी आई संस्थान, मेवात केडर आदि की सौगात मिली थी लेकिन आज बीजेपी के दस सालों के शासन के बाद मेवात को कुछ भी नहीं मिला। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि जिले में कई जिला शिक्षा अधिकारियों का भ्रष्टाचार में जेल जाना इस बात का सबूत है कि यहां इस सरकार में शिक्षा का प्रचार प्रसार नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन से लेकर चंडीगढ़ प्रशासन, विधानसभा से लेकर मुख्यमंत्री तक शिक्षा के सुधार के लिए उन्होंने अपनी आवाज बुलंद रखी है जिस कारण थोड़ी बहुत शिक्षा व्यवस्था बची हुई है अन्यथा इस सरकार ने सब चौपट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद ने कहा कि मेवात मॉडल स्कूल कुछ हद तक अच्छा कार्य कर रहे थे लेकिन उन्हें भी सरकार ने अपने अधीन कर बर्बाद करने का फैसला लिया जिसमें खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी शामिल थे। चिल्लावली स्थित स्कूल कई सालों से बनकर तैयार है विधानसभा में कई बार मांग के बावजूद वहां कक्षाएं नहीं लगाई गई हैं ये साफ साफ भाजपा की बदनीयती को दर्शाता है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है और मेवात की शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे और जो अधिकारी किसी भी कारणवश यहां की तालीम को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं उन पर कारवाई की जाएगी। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि विद्यालय में 175 से ज्यादा विद्यार्थियों पर एक भी नियमित शिक्षक नहीं होने से बच्चों को पढ़ाई में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों ने कई बार मौखिक रूप से शिक्षा अधिकारी के समक्ष गुहार की, लेकिन आरोप है कि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को अभिभावकों के साथ स्कूल के मुख्य दरवाजे पर बैठ गए और अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया। आज ग्रामीणों ने विधायक को भी लिखित रूप में देकर इस समस्या के समाधान के लिए आह्वान किया है जिसका संज्ञान लेकर विधायक आफताब अहमद खुद छात्रों और अभिभावकों के बीच पहुंचे।

## महिला प्रवक्ताओं से छेड़छाड़ के आरोप में महिला आयोग ने कराया प्राचार्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

पलवल। सरकारी महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अपने ही कॉलेज की महिला प्रवक्ताओं से अश्लील हरकतें करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रवक्ताओं ने मामले की शिकायत महिला आयोग और उच्चतर शिक्षा निदेशक से की। कालेज की तीन महिला प्रवक्ताओं सहित पांच महिलाओं ने की थी शिकायत। महिला आयोग की शिकायत पर जिला महिला पुलिस थाना में कार्यवाहक प्राचार्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राचार्य के खिलाफ पहले भी कच्ची महिला कर्मचारी द्वारा छेड़छाड़ और रेप करने के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया गया था। सरकारी महाविद्यालय की तीन महिला प्रवक्ताओं व लाइब्रेरी इचार्ज और चपरासी मैं महिला आयोग को शिकायत देते हुए बताया की प्राचार्य उनके साथ गलत व्यवहार करता है। एक महिला प्रवक्ता ने बताया की कार्यवाहक प्राचार्य ने बिना किसी काम के उन्हें अपने कार्यालय में बुलवाया और चाय पीने का प्रस्ताव रखा। प्राचार्य ने महिला को अपने जाल में फंसाने के लिए उनकी तारीफ करनी शुरू कर दी और दूसरी महिला प्रवक्ताओं के चरित्र पर टिप्पणी करने लगा। प्राचार्य की उक्त हरकत से महिला प्रवक्ता को प्राचार्य पर शक होने लगा। प्राचार्य की नीयत पर शक होने पर टॉयलेट जाने का बहाना बनाया तो प्राचार्य ने उन्हें अपना शौचालय उसे करने के लिए कहा। महिला प्रवक्ता को शक गहराने पर वह कार्यालय से बाहर आ गई। महिला प्रवक्ता ने बताया कि प्राचार्य उन पर दबाव बनाने लगा तो वह जैसे तैसे बाहर निकली। बताया गया है कि उक्त कार्यवाहक प्राचार्य पर पहले भी कच्ची महिला कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार किया था। महिला ने उक्त मामले की शिकायत थाने में की थी लेकिन पुलिस ने उक्त मामले में कोई एक्शन नहीं लिया जिससे परेशान होकर महिला ने आत्महत्या का प्रयास किया। प्राचार्य ने महिला कर्मचारी पर दबाव बनाते हुए मामले को रफा दफा कर दिया। महिला प्रवक्ताओं ने उक्त मामले की शिकायत महिला आयोग और उच्चतर शिक्षा निदेशक से की। महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने मामले पर संज्ञान लेते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक को मामला दर्ज करने का निर्देश जारी किया महिला आयोग अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद जिला महिला थाना में कार्यवाहक प्राचार्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। महिला थाना प्रभारी रेनू शेखावत ने बताया कि प्राचार्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा उचित करवाई की जाएगी।

## आफताब अहमद ने किया वक्फ कानून संशोधन का विरोध



केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा गुरुवार को लोकसभा में वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन से जुड़े दो विधेयकों को पेश करने का विपक्ष ने विरोध किया है। हरियाणा में कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने भी बीजेपी की केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वक्फ संपत्तियों पर बीजेपी सरकार की काली नजर है और बड़ी साजिश के तहत ये बिल लाया गया है लेकिन हम इसके खिलाफ खड़े हैं और हर हर संघर्ष के लिए तैयार हैं। हरियाणा के दिग्गज नेता चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि ये संशोधन वक्फ बोर्डों के उत्थान के लिए नहीं बल्कि उनकी न्यायिक स्वतंत्रता, उद्देश्य और मूल सिद्धांतों के बिलकुल विपरीत है। वक्फ प्रबन्धन आजादी के पहले से ही कानून के दायरे में हो रहा है फिर अब नया कानून लाकर सरकार मुसलमानों को निशाना बना कर नकारात्मक रूप से प्रभावित करना चाह रही है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी सरकार की काली नजर वक्फ संपत्तियों पर है उसी कारण इस बिल को लाने की फिराक में है और ऊपर से कई प्रदेशों में आगामी चुनावों को देखते हुए ध्रुवीकरण करने की कोशिश में जुटी है। सरकार लोकसभा चुनावों में हिंदू मुस्लिम में बांटने की राजनीति को जनता द्वारा नकारने के बावजूद उसी रास्ते पर खड़ी दिख रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्टैंड साफ है कि इस संशोधन कानून की नीयत ठीक नहीं है और उसके खिलाफ खड़ी है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि यह विधेयक न केवल संविधान के विरुद्ध है, बल्कि संघवाद और धार्मिक अल्पसंख्यकों के विरुद्ध भी है। उन्होंने कहा कि अपने अपने धर्मों के मामलों में निर्णय लेने का अधिकार उसी धर्म के लोगों को होना चाहिए फिर चाहे वो हिन्दू हो, मुस्लिम हो, सिख, ईसाई आदि। जो व्यक्ति किसी विशेष धर्म में विश्वास नहीं करता, उसे उस धर्म की ओर से निर्णय लेने का अधिकार क्यों होना चाहिए। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि वक्फ कानून संशोधन बिल के विरोध में बीजेपी के मुस्लिम नेताओं की चुप्पी शर्मनाक है और इसे इतिहास कभी माफ नहीं करेगा।

## शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा की अध्यक्षता में आज होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

अनिल मोहनियां नूंह

जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कल 9 अगस्त को प्रातः10 बजे स्थानीय शहीद हसन खां मेडिकल कॉलेज नल्हड़ के ऑडिटोरियम में जिलास्तरीय विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें शिक्षा मंत्री हरियाणा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगी। शिक्षा मंत्री जिलास्तरीय विद्यालय प्रबंधन समिति से सीधे रूप से रू-ब-रू होंगी तथा स्कूल व शिक्षण संबंधी कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में सभी को नए पहलुओं के बारे में जानकारी देंगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां विभाग की ओर से पूर्ण कर ली गई हैं।

## न्यायिक परिसर में 14 सितंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत : सीजेएम

अनिल मोहनियां नूंह



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार 14 सितंबर को नूंह स्थित न्यायिक परिसर सहित पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं।

सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण नेहा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

## कांग्रेसी नेता व पूर्व प्रत्याशी इसराइल चौधरी ने किया प्रेस वार्ता का आयोजन, सरकार पर जमकर साधा निशाना

पलवल /ज्योति खंडेलवाल :

कांग्रेसी नेता और हथीन से पूर्व प्रत्याशी इसराइल चौधरी ने हथीन स्थित अपने कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा और कहा की भाजपा के दस साल के राज में अपराध, महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है लेकिन इस जनविरोधी सरकार को जनहित से कोई लेना देना नही है। उन्होंने कहा की जनता अब इन्हें प्रदेश से चलता करने का मन बना चुकी है और कांग्रेस की सरकार बनाने वाली है। इनेलो बसपा गठबंधन को लेकर इसराइल चौधरी ने कहा की चुनावों में केवल कांग्रेस भाजपा का मुकाबला है बाकी सभी पार्टी बीजेपी की बी टीम है और बीजेपी की मदद करने और कांग्रेस की वोट काटने के लिए चुनाव लड़ रही है लेकिन जनता सब जान चुकी है उनका कोई



अस्तित्व नहीं है।

इसराइल चौधरी ने कहा जो कार्य भूपेंद्र हुड्डा की दस साल की सरकार में हुए थे उनके बाद भाजपा ने अपने दस साल के कार्यकाल में कोई काम नही किए। अब जनता उनसे हिसाब मांग रही है। उन्होंने कहा की इस सरकार में प्रत्येक वर्ग त्रस्त है युवाओं के पास रोजगार नही है, किसानों को फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा, अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा की हथीन क्षेत्र में कोई एक काम भाजपा नही गिनवा सकती जो उसने जनहित के लिए किया हो कोई कॉलेज, अस्पताल या फिर कोई अन्य योजना हमारे क्षेत्र में नही आई। यहां लोग बिजली, पानी शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं से भी वंचित है किसानों को हजारों एकड़ जमीन सेम की समस्या से बर्बाद हुई पड़ी है। उन्होंने कहा की कांग्रेस की सरकार आने पर किसानों को सेम की समस्या से निजात दिलाता जायेगा। युवाओं को पहले की तरह रोजगार मिलेंगे और महंगाई व अपराध पर अंकुश लगाया जाएगा। इनेलो बसपा गठबंधन को लेकर इसराइल चौधरी ने कहा की चुनावों में केवल कांग्रेस भाजपा का मुकाबला है बाकी सभी पार्टी बीजेपी की बी टीम है और बीजेपी की मदद करने और कांग्रेस की वोट काटने के लिए चुनाव लड़ रही है लेकिन जनता सब जान चुकी है उनका कोई अस्तित्व नहीं है। हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व मंत्री हर्ष कुमार को लेकर उन्होंने कहा की कांग्रेस बड़ी पार्टी है सभी का स्वागत है लेकिन टिकट के लिए पार्टी पैमाने देखती है।

## सावधान अनाधिकृत गाड़ियों पर लाल-नीली बत्ती और सायरन हूटर लगा कर अगर निकले सड़क पर तो अब घर आएगा चालान

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

होडल : पुलिस अधीक्षक पलवल श्री चंद्र मोहन आईपीएस ने बताया कि अनाधिकृत रूप से लाल नीली बत्ती तथा सायरन का इस्तेमाल करने वाले लोगों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए उन पर सख्त कार्रवाई होगी। यदि किसी सरकारी वाहनों पर इसका अनाधिकृत तरीके से इस्तेमाल होता पाया गया तो उनके विभाग प्रमुखों को पत्र लिखते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून सभी के लिए समान है, कानून की नजर में कोई छोटा या बड़ा नहीं है। पुलिस अधीक्षक ने ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए में कहा कि वाहनों पर अनाधिकृत तौर पर नीली तथा लाल बत्ती एवं



सायरन स्वीकार्य नहीं है। ऐसा करने वालों पर नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए उनके चालान किए जाएं। अनाधिकृत रूप से सायरन का न करें इस्तेमाल उन्होंने आग्रह किया कि लोग अपने वाहनों पर इनका इस्तेमाल ना करें। अनाधिकृत रूप से सायरन का भी इस्तेमाल ना करने की हिदायत उन्होंने दी है। उन्होंने अनाधिकृत तरीके से लाल, नीली बत्ती तथा सायरन लगाने वाले सरकारी वाहनों की फोटो खींचकर उसका डेटाबेस तैयार करने के निर्देश दिए।

ऐसा करने वाले सरकारी वाहनों के बारे में उनके विभाग प्रमुखों को लिखा जाएगा। अनाधिकृत तरीके से इनका इस्तेमाल करने वाले निजी वाहन चालकों का ऑनलाइन चालान कर उनके घर भेजा जाएगा एसपी महोदय ने बताया कि पुलिस वाहन या एंबुलेंस सायरन बेचना गैरकानूनी है। साथ ही निजी वाहनों पर आपातकालीन हॉर्न या लाइट लगाना भी अपराध है।

ऐसे चालकों के खिलाफ पुलिस द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। अवहेलना पर सख्ती से निपटेगा पुलिस प्रशासन इस बारे में परिवहन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि नियमों की अनदेखी करने वाले लोगों के साथ पुलिस प्रशासन सख्ती से निपटेगा, इसलिए लोग कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## शिकायतकर्ता को संतुष्ट करते हुए शिकायतों पर करें उचित कार्रवाई- उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा

अनिल मोहनियां नूंह

उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में सभी उपमंडलों के एसडीएम व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में अब तक प्राप्त सभी शिकायतों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि सभी शिकायतों के संबंध में सरकार को रिपोर्ट भेजी जा रही है, जिस विभाग में जो भी पेंडिंग शिकायत है, उस पर त्वरित कार्यवाही की जाए। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर शुरू किए गए समाधान शिविर का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित व उचित समाधान करना है। विभागों के अधिकारी इस कार्य में कोई लापरवाही न बरतें तथा उन्हें प्रतिदिन भेजी जाने वाली शिकायतों पर उचित कार्यवाही करें तथा शिकायतकर्ता को की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी भी दें। शिकायत के संबंध में शिकायतकर्ता संतुष्ट भी होना चाहिए। उपायुक्त ने विभाग वाइज सभी कार्यालयों में पेंडिंग शिकायतों विस्तार से समीक्षा की। समाधान शिविर में आई 14 शिकायतें वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके समाधान के लिए उपायुक्त ने संबंधित



विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आई प्रत्येक शिकायत का त्वरित समाधान किया जाता है। समाधान प्रकोष्ठ प्रत्येक कार्यदिवस को जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 9 से 11 बजे तक आमजन की शिकायतें सुनता है और प्राथमिकता के साथ समाधान करता है। प्रशासन का उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लोगों को समयबद्ध व उचित लाभ देना है। योजनाओं व सेवाओं में आने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को नूंह में 10 तथा तावडू में चार शिकायतें प्राप्त हुई। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, एसडीएम नूंह विशाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ हुआ श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का करा



ज्योति खंडेलवाल /पलवल:-श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ एक महत्वपूर्ण करार किया है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्स के विद्यार्थी एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के विभिन्न विभागों में इंटर्नशिप और वर्कशॉप कर पाएंगे। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने इस साल यूजी डिप्लोमा इन एयरलाइंस मैनेजमेंट की शुरूआत की है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि बतौर कुलपति डॉ. राज नेहरू के प्रयासों से हम एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ यह करार करने में सफल हो पाए हैं। इस करार से विद्यार्थियों के लिए नए द्वार खुल गए हैं। एयरलाइंस के क्षेत्र में रोजगार की बहुत सारी संभावनाएं हैं। इसीलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप यूजी डिप्लोमा इन एयरलाइंस मैनेजमेंट की शुरूआत की गई है। दो वर्ष के इस प्रोग्राम को तीन वर्षीय प्रोग्राम में परिवर्तित कर बीबीए इन एयरलाइंस एंड एयरपोर्ट मैनेजमेंट में तब्दील किया जा सकेगा। प्रोफेसर ज्योति राणा ने इसे अपने प्रकार का एक अनोखा प्रोग्राम बताया। उन्होंने कहा कि एयरलाइंस के क्षेत्र में करियर की उड़ान भरने की असीम संभावनाएं हैं। इस दृष्टि से एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ यह करार आने वाले दिनों में काफी महत्वपूर्ण परिणाम सामने लाएगा। अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को देश के नामचीन संस्थानों में इंटर्नशिप और ट्रेनिंग करवाने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि यूजी डिप्लोमा इन एयरलाइंस मैनेजमेंट के अलावा भी आर्किटेक्चर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, फाइनेंस, एच आर मैनेजमेंट और आईटी जैसे प्रोग्राम में भी इंटर्न कर पाएंगे। डीन कॉरपोरेट रिलेशंस प्रोफेसर ऊषा बत्रा ने इस करार को इंटर्नशिप और ट्रेनिंग के लिहाज से महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ मिल कर वर्कशॉप आयोजित करने का भी रास्ता खुल गया है। साथ ही श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एयरपोर्ट की इंडस्ट्री विजिट भी कर पाएंगे। इंडस्ट्री इंटीग्रेशन सेल के उप निदेशक अमिष अमेय ने इस करार के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के महा प्रबंधक (एचआर- ट्रेनिंग) गिरीश कुमार का आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच यह करार युवाओं को कुशल बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। डीन प्रोफेसर जॉय कुरीयाकोज ने बताया कि यूजी डिप्लोमा इन एयरलाइंस मैनेजमेंट में रोजगार की प्रबल संभावनाएं हैं। इस अवसर पर डीन प्रोफेसर ऋषिपाल भी उपस्थित थे।

## होडल के गांव मरोली में मनाया कपास दिवस कृषि विभाग ने कार्यक्रम का आयोजन कर किसानों को किया जागरूक

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

होडल : कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पलवल द्वारा वीरवार को होडल खंड के गांव मरोली में कपास दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान लगाए गए किसान मेले में सैकड़ो ग्रामीणों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में खंड तकनीकी प्रबंधक पलवल सुंदर सिंह, खंड तकनीकी प्रबंधक होडल रामदेव, सहायक तकनीकी प्रबंधक पलवल अतुल कुमार शर्मा, सहायक तकनीकी प्रबंधक होडल धीरेंद्र व बंसीलाल व सुपरवाइजड्ड नागेश कुमार ने किसानों को जागरूक किया। खंड तकनीकी प्रबंधक सुंदर सिंह ने किसानों को बताया कि कपास फसल को प्रदेश सरकार द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है। कपास



की फसल के उत्पादन को बढ़ाने के लिए किसानों को फसल में लगने वाले विभिन्न प्रकार के कीट से बचाव एवं प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई है। कपास की फसल में लगने वाली गुलाबी सुंडी बीमारी से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि गुलाबी सुंडी का लार्वा कपास के बीज कोषों को खाने के अलावा फूलों की कलियों और फूलों को खा जाता है। यह कीट कपास के बीजों को लिंट के माध्यम से बीजकोषों में छेद कर देता है। संक्रमित कलियां और अपरिपक्व बीजकोष बहुत जल्दी गिर जाते है। फसल में गुलाबी सुंडी बीमारी आने पर कृषि विशेषज्ञों की सलाह अनुसार दवाइयों का छिडकाव करें। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए कपास के खेतों में जल निकासी की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। खंड तकनीकी प्रबंधक रामदेव ने धान, बाजरा, ज्वार जैसी खरीफ की फसलों के विषय में भी अवगत कराया। सहायक तकनीकी प्रबंधक पलवल अतुल कुमार शर्मा ने कृषि की अन्य योजनाओं जैसे मेरी फसल मेरा ब्यौरा, नारी शक्ति से जल शक्ति, बाजरा भावंतर, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि यंत्र व मशनरी के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। खंड तकनीकी प्रबंधक होडल रामदेव ने कार्यक्रम में आए सभी किसानों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नानक चंद, गोपाल सिंह, राजू व करण सिंह आदि किसा मौजूद रहे।

# बाघोत में युवक पर फायर करने के दो आरोपी गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

कनीना सुनील दीक्षित
बाघोत गांव में दुकान से सब्जी खरीदने गए युवक पर फायर करने के दो आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है' जिनकी पहचान बाघोत निवासी पवन और सोमबीर के रूप में हुई है। पुलिस ने पूछताछ में आरोपित सोमबीर के पास से वारदात में प्रयोग किया गया अवैध हथियार बरामद कर लिया है, साथ ही एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। वारदात में प्रयोग की गई बाइक को भी पुलिस ने आरोपितों से बरामद कर जब्त कर लिया है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## गौ रक्षक सोनू को न्याय दिलाने हेतु महापंचायत 10 अगस्त को रेवाड़ी में : मित्तल



बीडी अग्रवाल
रेवाड़ी। गोरक्षा दल, बजरंगदल व अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मंडल द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन बाबा भूरानंद की बगीची में किया गया। बैठक की अध्यक्षता महंत बाबा बिजेंद्रपुरी ने की। विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष राधेश्याम मित्तल व गौ रक्षादल रेवाडी के जिलाध्यक्ष आशु जांगड़ा ने सामूहिक रूप से जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिनों 14 जून को मेवात क्षेत्र के दिल्ली मुंबई
एक्सप्रेसवे पर गौ तस्करों के साथ मुठभेड़ के दौरान गौरक्षक सोनू सरपंच फिडेडी को पेट में गोली लगी थी जिससे वो बुरी तरह घायल हो गए थे। करीब करीब डेढ़ माह तक लगातार मेदांता हॉस्पिटल गुड़गांव में इलाज चला लेकिन 4 अगस्त की शाम को गौ रक्षक सोनू सरपंच ने दम तोड़ दिया। 5 अगस्त को उनके पैतृक गांव फिडेडी में उनकी देह का अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी भारी संख्या में गोरक्षादल, बजरंगदल, सामाजिक, धार्मिक व हिंदुवादी संगठनों व संस्थाओं के लोगों की उपस्थिति रही। गौ रक्षादल व बजरंग दल के कार्यकताओं में घटनाक्रम को लेकर भारी रोष है जिसके चलते सभी संगठनों में तय किया कि शहीद गोरक्षक सोनू सरपंच की आत्मा की शांति के लिए महापंचायत 10 अगस्त को प्रातः 11:30 बजे नई अनाज मंडी रेवाड़ी में होगी। इस सभा मे हरियाणा के सभी जिलों व आसपास के क्षेत्र से भारी संख्या में लोग उपस्थित होंगे।
जिलामंत्री राजकुमार यादव ने बताया कि सभा के माध्यम से हरियाणा सरकार से गो तस्करी पर रोक व शहीद सोनू सरपंच को न्याय की मांग रखी जाएगी व मांग पूरी ना होने की स्थिति में आगे की रणनीति पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। इस मौके पर रविन्द्र यादव, राकेश, अजय, श्याम सुन्दर, गौरव कालोरिया, दयाराम आर्य, अमन, करण, मन्नी, शमशेर, प्रकाश कसौला व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हरियाणा व हरियाणवी विरोधी मानसिकता से ग्रस्त है बीजेपी : महावीर मसानी

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया



रेवाड़ी। कांग्रेस नेता महावीर मसानी का कहना है कि बीजेपी हरियाणा व हरियाणवी विरोधी मानसिकता से ग्रस्त है। इसीलिए बीजेपी के प्रदेश व केंद्र सरकार हर मोर्चे पर हरियाणा के साथ अन्याय कर रही है। केंद्रीय बजट में भी बीजेपी ने हरियाणा के साथ सौतेला बर्ताव किया। केंद्र सरकार हरियाणा से कुल 7.10 प्रतिशत जीएसटी इकट्ठा करती है, लेकिन बदले में केवल 1 प्रतिशत हिस्सा ही हरियाणा को वापिस दिया जाता है। यानी केंद्र सरकार हरियाणा से 7 रुपया लेकर उसे केवल 1 रुपया वापस दे रही है। केंद्र से किसी भी राज्य को मिलने वाली यह सबसे कम राशि है। यह बेहद शर्मनाक है कि हरियाणा में बीजेपी की सरकार होने के बावजूद प्रदेश से इस हद तक भेदभाव किया जा रहा है।महावीर मसानी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार से हरियाणा को कोई नयी परियोजना मिलना तो दूर, यूपीए सरकार के समय हरियाणा के लिये मंजूर बड़ी परियोजनाओं को एक-एक करके दूसरे प्रदेशों में भेज दिया गया। खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी देश में सबसे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन बीजेपी ने फिर भी खेलो इंडिया के 3074 करोड़ रुपये के बजट में सिर्फ 96 करोड़ ही हरियाणा को दिया और गुजरात को 606 करोड़ रुपये दिए गए। जबकि ऑलंपिक से लेकर तमाम खेलों में भारत को मिले कुल पदक में हरियाणा के खिलाड़ियों की हिस्सेदारी लगभग आधी होती है। उन्होंने कहा कि देश की आबादी में हरियाणा की हिस्सेदारी सिर्फ 2.1 प्रतिशत है और देश के कुल क्षेत्रफल का सिर्फ 1.34 प्रतिशत हरियाणा है। फिर भी हरियाणा से केंद्र सरकार 7 प्रतिशत जीएसटी की हिस्सेदारी ले रही है। देश के अन्न भंडार में 33 प्रतिशत योगदान हरियाणा के किसानों का है। लेकिन फिर भी उन्हें एमएसपी नहीं मिलती। देश की आर्म्ड फोर्सेस में 11 प्रतिशत मैन पावर हरियाणा से आती है, लेकिन बीजेपी अग्निवीर जैसी योजनाओं के जरिए उसे खत्म करने में लगी है। लेकिन बीजेपी हरियाणा के साथ जो भेदभाव कर रही है, हरियाणवी जनता विधानसभा चुनाव में इसका बदला लेगी और बीजेपी को सत्ता से बेदखल करेगी।

## सेक्टर एक नए मनाया तीज उत्सव



समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया
रेवाड़ी। सैक्टर 1 रेवाड़ी में सामूहिक रूप से सभी सैक्टर वासियों ने तीज उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास व पारंपरिक सौहार्द माहौल में मनाया। मुख्य आयोजनकर्ता कौशल गुप्ता पूर्व कोषाध्यक्ष आर डब्लू ए व रवि ने सभी का अभिनंदन और धन्यवाद किया। जलपान की व्यवस्था के साथ साथ सभी ने नाच गाना व मधुर संगीत का आनंद लिया जिसमे महिलाओं और बच्चो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति पूनम यादव और भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मति वंदना पोपली का पटका पहनाकर व फूलों से स्वागत किया गया। दोनों ने कार्यक्रम का हिस्सा बनकर भरपूर आनंद लिया ओर सभी को हमारी लोक संस्कृति के प्रतीक तीज उत्सव की शुभकामनाए दी। कार्यक्रम में श्रीमति सुरेश, संतोष, स्नेहलता, बिमला, राजेश, सीमा , संगीता, कुसुम, कंचन बलजीत यादव, पार्षद भूपेंद्र गुप्ता, नवीन पोपली, एचके वसिष्ठ, नीरज, अशोक, रामतीर्थ, अशोक, ललित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुदित, संजीव, पृथ्वी सिंह, निरंजन आदि का सहयोग रहा।दोनों मुख्य अतिथि व सभी सैक्टरवासियों ने मंच संचालक व मुख्य आयोजक कौशल गुप्ता का दिल से आभार जताया और भविष्य में ऐसे आयोजन करते रहने के लिए प्रेरित किया।

# कांग्रेस का काम सिर्फ अफवाहे फैलाने का ही रह गया : सत्यप्रकाश जरावता विधायक

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया



रेवाड़ी। वीरवार को भाजपा ज़िला कार्यालय में एसी मोर्चा की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला कि शुरूआत भाजपा जिला अध्यक्षा वंदना पोपली, कार्यशाला में विशेष तौर पर उपस्थित कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अशोक तंवर तथा एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष रोहताश सिंह वाल्मीकि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।
दो सत्र में आयोजित कार्यशाला के प्रथम सत्र में डॉ अशोक तंवर ने बूथ सशक्तिकरण पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि मोर्चे के सभी पदाधिकारी प्रत्येक बूथ पर जा कर अधिक से अधिक कार्यकर्ताओ को जोड़े तथा मोर्चे के साथ साथ भाजपा को भी और मजबूत बनाए। वहीं दूसरे सत्र में पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कार्यकर्ताओ को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने और एकजुट रहने को कहा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के बहकावे में ना आए। उनका काम अफवाहे फैलाने का हि रह गया। आज तक उन्होंने एससी समज के लिए कुछ नही किया। जिला अध्यक्षा वंदना पोपली ने आए हुए सभी कार्यकर्ताओ एवं मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया तथा उन्होंने कार्यकर्ताओ को अभी विधानसभा चुनाव में अपने अपने बूथ को मजबूत करने के लिए कहा। मंच संचालन डॉ कमल निंबल एडवॉकेट ने किया। प्रवीन शर्मा ज़िला मीडिया सह प्रभारी ने बताया कि इस कार्यशाला में मुख्य रूप से राजेश मकडोली झज्झर ज़िला अध्यक्ष एसी मोर्चा, महिन्दर खिच्ची झज्झर ज़िला अध्यक्ष एसी मोर्चा, अजय कौंटीवाल, पूर्व जिला पार्षद कुमारी गीता, पूर्व मंत्री कांता देवी,
पूर्व चेयरपर्सन कुमारी सुनीता चौहान, अध्यक्ष जिला परिषद झज्जर कप्तान सिंह, राम सिंह सामरिया, परविंद्र किराड़, चित्र कुमार सभरवाल, भगवान दास रंगा एडवोकेट, महामंत्री धर्मेंद्र मोरवाल, मनोज कुमार, निहाल सिंह, रेनू बाला, ताराचंद, कोहली, दारा सिंह, पूनम, राजकुमार, चावरिया, एडवोकेट मुकेश रंगा, संजय बड़गुजर, मुकुलकांत पीपल, राजकुमार, मातादीन नरेश कुमार, सरोज देवी व बीना देवी आदी उपस्थित रहे।

## माता पिता संसार की अनमोल धरोहर - राजपाल खेड़ा

सिवानी सोनिका सूरा



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुमोदन पर उपखंड कानूनी सेवाएं समिति के चेयरमैन माननीय मोहम्मद जकारियां खान न्यायिक मजिस्ट्रेट सिवानी के निर्देश में इको क्लब सिवानी में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम दिवस पर कानूनी जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया जिसमें युवा अधिवक्ता राजपाल खेड़ा ने बुजुर्ग महिलाओं को व वरिष्ठ नागरिकों को कानून व सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों को लेकर कानूनी जानकारी दी, खेड़ा ने कहा की माता - पिता संसार की अनमोल धरोहर है , माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 भारत सरकार का एक अधिनियम है जो वृद्ध व्यक्तियों एवं माता-पिता के भरण-पोषण एवं देखरेख की प्रभावी व्यवस्था करती है। इस विधेयक को सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण मंत्रालय द्वारा लाया गया था , जिससे माता-पिता व वरिष्ठ नागरिकों को काफी सुख-सुविधाएं मिली हैं ,राजपाल ने कहा कि शहरीकरण और प्रवासन जैसे कारकों के आने से माता-पिता व वरिष्ठ नागरिकों के समान में गिरावट आनी शुरू हुई है जो सामाजिक कल्याण को प्रभावित करते हैं,
इसके साथ ही अधिवक्ता राजपाल खेड़ा ने महिला यौन शोषण, संवैधानिक ,मौलिक अधिकार व कर्तव्य ओर राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी इस मौके पर उनके साथ इको क्लब सिवानी की पर्यवेक्षक राजकुमारी,पीएलवी संदीप कुमार,कृष्णा देवी,सोनम देवी,मनिषा,अंतिम ,रामभतेरी ,ममता,रेशमा देवी ,कमला आदि संस्थान के पदाधिकारी व महिला उपस्थित रही

## पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी की भागीदारी जरूरी: एसएचओ कोसली

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया



रेवाड़ी। एसपी गौरव राजपुरोहित के कुशल मार्गदर्शन में कार्य करते हुए थाना कोसली पुलिस ने वीरवार को पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत थाना कोसली परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर प्रबंधक थाना कोसली निरीक्षक मुकेश चन्द ने बताया कि हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन के लिए पौधरोपण करना चाहिए। इसके लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत है। आसपास पौधे लगाएं ताकि वातावरण स्वच्छ और साफ रहे। पौधारोपण को जीवन का हिस्सा बनाएं। साथ ही अन्य लोगों को भी पौधारोपण के लिए जागरूक और प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और संरक्षित करने की जरूरत है। आज बढ़ रहे प्रदूषण के कारण जीवन में साफ हवा की आवश्यकता बढ़ रही है। पौधे हमारे लिए ऑक्सीजन पैदा कर वातावरण को शुद्ध बनाते है। वृक्ष सभी जीव जन्तुओं के जीवन का आधार है। पर्यावरण संरक्षण व संतुलन के लिए सभी को पेड़ लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रवासी अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाएं। इस अवसर पर प्रबंधक थाना कोसली निरीक्षक मुकेश चन्द व थाने में तैनात सभी पुलिस कर्मचारियों ने एकजुट होकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।

## रातभर से हो रही बारिश का पानी आया सड़कों पर गर्मी से मिली निजात,फसलों को हुआ फायदा

कनीना सुनील दीक्षित



कनीना क्षेत्र में बीते बुधवार रातभर से हो रही रिमझिम बारिश के बाद निचले स्थानों तथा सडक मार्गें पर जलभराव हो गया। जगह-जगह पानी खडा होने पर नागरिकों ने नगरपालिका व उपमंडल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर समय रहते जल निकासी के उचित प्रबंध न किए जाने को लेकर सवाल खडे किए। प्रबुध्र नागरिकों ने कहा कि मॉनसून की बारिश होने के बाद पिछले तीन महिने की गर्मी से कुछ हद तक निजात मिली है वहीं पानी निकासी के उचित प्रबंध नहीं होने से जगह-जगह पानी जमा हो गया है। बारिश से कनीना में निचले स्थानों पर पानी जमा होने से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। रामपुरी रजबाहे से लेकर अटेली मोड, फिलिंग स्टेशन के समीप, कनीना बस स्टैंड, अस्पताल, बीडीपीओ कार्यालय, स्टेट वेयर हाउस, रेवाडी मोड,अटेली मोड, पशु अस्पताल, जोहड के समीप, सिटी थाना सहित अन्य स्थानों पर पानी जमा रहा। कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग पर किए जा रहे नाले के निर्माण में पानी जाने का रास्ता न छोडे जाने पर स्टेट हाईवे 24 पर पानी जमा हो रहा है जिससे उसके खंडित होने की संभावना बन रही है। बारिश होने के बाद कनीना क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 27 तथा अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। मौसम ठंडा होने पर गर्मी से राहत महसूस हुई है। मॉनसून की अच्छी बारिश होने के बाद किसानों की ओर से खरीफ फसल सिंचाई का कार्य बंद कर दिया गया है। खंड कृषि अधिकारी कार्यालय के एडीओ विकास यादव ने बताया कि कनीना खंड में करीब 33 हजार हैक्टेयर कृषि योज्य भूमि है जिसमें करीब 7 हजार हैक्टेयर भूमि में कपास तथा 98 हैक्टेयर रक्बे में मूंग की खेती गई है। इसके अलावा 26 हजार हैक्टेयर रक्बे में बाजरा व गवार बिजाई किया गया है। बारिश की कमी से फसल सूखने लगी थी। बारिश होने के बाद फसल पर रौनक छा गई है जिसे लेकर किसानों में खुशी की लहर है।
नगरपालिका सचिव समयपाल सिंह ने कहा कि बरसात के पानी की निकासी के लिए लगातार नालों की सफाई करवाकर दुरूस्त करवाया गया है। नपा की टीम जलभराव वाले स्थानों पर नजर रख रही है। पानी को नहीं ठहरने दिया जायेगा। आमजन को परेशानी पेश नहीं आने दी जाएगी।

## छावनी बोर्ड बंद होने के फैसले से 14000 कर्मचारियों का भविष्य खतरे में : डॉ टीसी राव

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया


Delhi Cantonment Development Committee

Shri Rajnath Singh
Honorable Minister of Defence
Government of India
New Delhi

Welfare of 14,000 Employees of 62 Cantonment Boards

Respected,
Shri Rajnath Singh ji,

रेवाड़ी। दिल्ली छावनी विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. टीसी राव ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने भारत में 62 छावनी बोर्ड कार्यालयों को बंद करने के रक्षा मंत्रालय के फैसले पर चिंता जताई है। इससे पहले ही 15 कार्यालय बंद हो चुके हैं और उनके क्षेत्र नगर पालिकाओं में मिला दिए गए हैं, जिससे 14,000 कर्मचारियों की नौकरी और भलाई पर असर पड़ा है। डॉ. राव ने सरकार से कहा है कि आगे और कार्यालय बंद करने से पहले इन कर्मचारियों का सही तरीके से समायोजन, पुनर्वास और पुनर्स्थापन किया जाए। उन्होंने सरकार को कुछ जरूरी बिंदुओं पर ध्यान देने के लिए कहा है ताकि कर्मचारियों के साथ सही और निष्पक्ष व्यवहार हो। डॉ. राव ने सरकार से इन कर्मचारियों की भलाई को प्राथमिकता देने को कहा है। उन्होंने कहा कि नौकरी की सुरक्षा और भविष्य की चिंताओं को दूर किया जाए। कर्मचारियों के लिए वैकल्पिक पदों और विभागों में समायोजन की योजना बनाई जाए। नई भूमिकाओं के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण और नए कौशल दिए जाएं। इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष रखा जाए। कर्मचारियों को भावनात्मक और आर्थिक मदद दी जाए। सरकार को कर्मचारियों और उनके प्रतिनिधियों से बात करनी चाहिए और उनकी चिंताओं को दूर करना चाहिए। कर्मचारियों के ज्ञान और अनुभव को बचाए रखने के लिए भी प्रयास किए जाएं। दूसरे सरकारी विभागों में नौकरी के अवसर तलाशे जाएं। सेवानिवृत्ति के करीब कर्मचारियों के लिए विशेष प्रावधान किए जाएं ताकि उनका संक्रमण आसान हो।डॉ. राव ने कहा कि सरकार को कर्मचारियों और उनके परिवारों की भलाई का ध्यान रखना चाहिए। सहयोगी दृष्टिकोण के लिए संबंधित लोगों से परामर्श किया जाए। कर्मचारियों की चिंताओं को दूर करने के लिए शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाए। इस तरह सरकार अपने कर्मचारियों की भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखा सकती है।
डॉ. राव ने सरकार से तेजी से और निर्णायक कदम उठाने का आग्रह किया ताकि सभी प्रभावित कर्मचारियों के लिए एक सुचारू और सफल संक्रमण सुनिश्चित हो सके।

## ट्रैफिक पुलिस ने गलत लेन ड्राईविंग करने वाले 93 वाहनो के किए चालान

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया



रेवाड़ी। पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुंजीत कपूर एवं पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे हरियाणा हरदीप सिंह दून के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी गौरव राजपुरोहित के दिशा-निर्देश पर वीरवार को जिला रेवाड़ी पुलिस द्वारा गलत लेन ड्राइविंग का स्पेशल अभियान चलाया गया। जिसके तहत जिला पुलिस द्वारा लेन ड्राइविंग की अवहेलना पर 93 वाहन चालकों के चालान किए गए।
पुलिस अधीक्षक रेवाडी द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना के लिए दृढ़ता से करवाई की जाए। जिसके तहत जिला पुलिस द्वारा वीरवार को मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत गलत लेन ड्राइविंग करके नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालको के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रबंधक को निर्देश दिए गए थे कि सभी मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाईं लेन में चले, जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत गलत दिशा व बाईं लेन में ना चलकर नियम की उल्लंघना करता है तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।
थोड़ी सी जल्दी के लिए तेज गति में गाड़ी चलाने, गलत दिशा में गाड़ी चलाने के कारण बहुत से सड़क हादसे होते हैं और उनमें काफी लोग अपनी जान गंवा देते हैं। कभी भी गलत दिशा से ओवरटेक नहीं करना चाहिए। जब भी वाहन चालक लेन बदले तो हमेशा टर्न इंडिकेटर का इस्तेमाल करें। बिना संकेत के लेन बदलने से गंभीर दुर्घटना हो सकती है रेवाड़ी पुलिस द्वारा इस प्रकार के अभियान भविष्य में समय-समय पर आगे भी चलाए जाएंगे।

## डीएमएस ने किया सीहा स्कूल का निरीक्षण



समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया
रेवाड़ी। जिला गणित विशेषज्ञ डीएमएस अशोक नामवाल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा का निरीक्षण किया तथा विद्यालय की विभागीय गतिविधियों का जायजा लिया। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के स्टाफ सचिव यशपाल आर्य ने बताया कि इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में चल रही मासिक मूल्यांकन (सेट)परीक्षाओं, एनएमएमएस प्रारूप, ई-अधिगम, सांस्कृतिक उत्सव, निपुण अभियान, बुनियाद कार्यक्रम, सुपर हंड्रेड तथा उड़ान से जुड़ी हुई गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने उन्हें विद्यालय की सदन प्रकिया, वॉल मैगजीन, डॉ सीवी रमन साइंस क्लब, कानूनी साक्षरता क्लब, मेजर ध्यानचंद खेल क्लब, बालिका मंच, योग क्लब की बहुआयामी रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी भी दी। श्री नामवाल ने ई-अधिगम तथा एनएमएमएस से जुड़ी तकनीकी दिक्कतों को दूर करने की जानकारी संबंधित प्रभारियों को दी तथा विद्यार्थियों को सभी गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# राजस्थान के पाली में 15 गांव डूबे, बिहार में बिजली गिरने से 8 मौतें

## मप्र में नर्मदा का बैकवाटर लेवल बढ़ा, बाढ़ का खतरा

नई दिल्ली।

देश के लगभग सभी राज्यों में बारिश का दौर जारी है। बिहार में पिछले 24 घंटे के दौरान बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत हुई है। गंगा, बागमती और कोसी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। कटिहार के बरारी में सुखाई घाट से मतलुधार के बीच 5 करोड़ की लागत से बन रहे ब्रिज का पिलर और ब्रिज बॉक्स गंगा में समा गया। मप्र में नर्मदा नदी का बैकवाटर लगातार बढ़ रहा है। बीते दो दिन से बड़वानी के राजघाट में बैकवाटर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचते हुए 126.80 मीटर पहुंचा है। वहीं ओंकारेश्वर बांध से टरबाइन चलाने के साथ ही बुधवार शाम को 9 गेट खोले गए हैं वहीं गुरुवार सुबह भी 9 और गेट खोले गए।हिमाचल प्रदेश के मंडी के 9 मील के पास देर रात 3 बजे चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड हुआ। मलबे में एक ट्रक और पिकअप फंस गया। दोनों गाड़ियों के ड्राइवर ने भागकर जान बचाई। राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान लगातार तेज बारिश से चंडीगढ़-मनाली हाईवे सहित 214 सड़कें बंद हैं। राजस्थान के पाली शहर में 15 गांव डूब गए हैं। अभी तक रेस्क्यू कर करीब 100 लोगों को बचाया गया है। यहां से 100 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया है। मौसम विभाग ने राज्य के 9 जिलों में अलर्ट जारी किया है।

**1984 क्यूमेक्स पानी छोड़ा**

ओंकारेश्वर बांध से 1984 क्यूमेक्स पानी छोड़ा गया है। इससे जिले में निचले कछार क्षेत्रों में तेजी से बैकवाटर बढ़ेगा। इसके मद्देनजर पुलिस व प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। उधर एनएचडीसी ने इंदिरा सागर परियोजना के भी गेट खोलने के संबंध में बड़वानी सहित खंडवा, देवास, खरगोन, धार व हरदा जिलों के कलेक्टर को पत्र मेल व मैसेज के माध्यम से भेजे हैं। बड़वानी शहर के पास नर्मदा का बैकवाटर खतरे के निशान से तीन मीटर ऊपर पहुंच गया। साथ ही पुरा ना पुल डूबने की कगार पर है। प्राचीन घाट से भी बैकवाटर अब चंद मीटर नीचे है। दो-तीन मीटर बैकवाटर और बढ़ने की स्थिति में राजघाट गांव टापू बनने लगेगा।

**तटीय गांवों में अलर्ट**

वहीं सरदार सरोवर बांध परियोजना अंतर्गत जिले के तटीय डूब गांवों में अलर्ट मोड को लेकर पुलिस महकमे द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में ग्रामीणों की बैठक लेकर सावधान रहने का आह्वान किया है। बड़वानी कोतवाली सहित अंजड़, ठीकरी व पाटी थाना क्षेत्र की पुलिस ने थाना परिसर व डूब गांव में चौपाल लगाकर बैठक ली। इंदिरा सागर पावर स्टेशन के बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी के संबंधित कलेक्टरों को भेजे पत्र में बताया कि इंदिरा सागर परियोजना से बांध के गेट खोलकपानी छोड़ा जाएगा। इससे बड़वानी जिले के तटीय क्षेत्र में बेकवाटर बढ़ेगा।



# कैब ड्रायवर से मारपीट कर पैसा वसूलने वाले दरोगा को किया बर्खास्त

### पुलिस कमिश्नर ने लिया एक्शन, डीसीपी और थाना प्रभारी को भी हटाया

नोएडा।

ग्रेटर नोएडा में एक कैब चालक से पैसा वसूलने के आरोप में ट्रेनी सब इंस्पेक्टर और उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ घटना में इस्तेमाल की गई गाड़ियों को जब्त कर लिया है। घटना की जानकारी होने के बाद भी दो दिन तक छिपाने और सीनियर अधिकारियों को जानकारी न देने पर डीसीपी सेंट्रल को पद से हटा दिया गया है। बिसरख थाना प्रभारी और गौर सिटी-1 चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है।

बता दें कि बागपत के बड़ौत के रहने वाले कैब चालक राकेश तोमर ने पुलिस कमिश्नर से लिखित शिकायत की थी जिसमें उसने दो अगस्त की रात करीब एक बजे दिल्ली के पंचशील विहार से महिला सवारी को छोड़ने गौर सिटी आया था। आरोप है कि दो कारों में सवार पांच लोग कैब चालक के पास आए और उन्होंने उसे कार से उतारकर उसके साथ अभद्रता की। उनमें एक पुलिस की वर्दी में था। वे उसे सुनसान स्थान पर ले गए, जहां उसके साथ मारपीट कर सात हजार रुपए भी छीन लिए थे जब कैब ड्राइवर ने कहा कि उसके पास खर्च के लिए कोई पैसे नहीं है तो आरोपियों ने पांच सौ रुपये देकर उसे वहां से भगा दिया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस कंट्रोल रूम में मामले की शिकायत की थी। घटना के बाद मौके पर पहुंचे गौर सिटी चौकी इंचार्ज ने समझौता करने का दबाव बनाया। वहां जाकर पता चला कि वर्दी पहने पुलिसकर्मी गौर सिटी का एक दारोगा है। उसके साथ अन्य अज्ञात व्यक्ति हैं। जब पीड़ित ने पुलिस चौकी पहुंचकर शिकायत की तो चौकी प्रभारी ने उस आरोपी ट्रेनी सब इंस्पेक्टर को बुलाकर उसकी पहचान कराई, लेकिन उसका नाम नहीं बताया। इसके बाद सात हजार रुपए वापस कर समझौता करने को कहा, लेकिन पीड़ित नहीं माना। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से इसकी शिकायत की। कैब चालक की शिकायत पर पुलिस कमिश्नर ने मामले की जांच करवाई उसके बाद ट्रेनी सब इंस्पेक्टर अमित मिश्रा और उसके अन्य दो साथी अभिनव व आशीष को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# आठ भारतीय नागरिक रूसी सुरक्षा बलों के लिए काम करते हुए मारे गए, 66 अभी भी काम कर रहे

नई दिल्ली ।

केंद्र सरकार के मुताबिक रूस की ओर लड़ते हुए अभी तक आठ भारतीय नागरिकों की मौत हुई है। इनकी पहचान उनके परिजनों ने की है। वहीं 13 भारतीय अभी तक स्वदेश वापसी करने में सफल हुए हैं। यह जानकारी तृणमूल कांग्रेस के सांसद जवाहर सिरकर के सवाल के जवाब में गुरुवार को विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्य सभा में दी। मंत्री ने बताया कि 66 भारतीय अभी भी रूस की सेना में काम कर रहे हैं।

उन्हें जल्द से जल्द कार्यमुक्त किए जाने की संभावना है।विदेश राज्यमंत्री ने बताया कि रूस के सशस्त्र बलों में काम कर रहे भारतीय नागरिकों को वहां से छुड़ाने का अनुरोध उनके परिजनों ने किया है। उन्होंने बताया कि इस तरह के कितने भारतीय रूस के सशस्त्र बलों में काम कर रहे हैं, इसकी जानकारी सरकार के पास नहीं है। रूस में इस तरह से मारे गए चार भारतीयों के शव लाने के लिए सरकार ने वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है। उन्होंने कहा कि इस तरह के दूसरे मामलों में भी सरकार मदद करेगी।

उन्होंने बताया कि रूस की सरकार ने बताया है कि इस तरह मारे गए लोगों के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा। यह मुआवजा उनकी ओर से किए गए समझौते के मुताबिक दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि रूस के सशस्त्र बलों में काम कर रहे भारतीयों को समय से पहले कार्यमुक्त करने, उनकी सुरक्षा के मामले को भारत सरकार ने रूसी अधिकारियों के सामने मजबूती से उठाया है। उन्होंने रूस में काम करने की इच्छा रखने वाले भारतीयों से इस तरह के मामलों से बचने के लिए सावधानी बरतने की उम्मीद की।

उन्होंने बताया कि इस तरह के मामलों को रोकने के लिए सरकार अवैध एजेंटों की सूची समय-समय पर ई-माइग्रेट पोर्टल पर सार्वजनिक करती रहती है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर जून 2024 तक तीन हजार 42 अवैध एजेंटों के नाम अधिसूचित किए गए हैं।

# महाराष्ट्र-गुजरात से 831 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त

### -एटीएस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया; आतंकी लंबा जागने के लिए यह ड्रग्स लेते हैं

अहमदाबाद।

गुजरात एटीएस ने महाराष्ट्र और गुजरात की दो दवा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से 831 करोड़ रुपए कीमत की लिक्विड ड्रग्स जब्त की है। एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि 5 और 6 अगस्त को दोनों जगहों से 4 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। एटीएस के अनुसार, महाराष्ट्र के ठाणे से 800 किलो मेफेड्रोन ड्रग लिक्विड फॉर्म जब्त किया गया, जिसकी इंटरनेशनल मार्केट में कीमत 800 करोड़ रुपए के करीब है। वहीं गुजरात के भरूच जिले में एक दवा फैक्ट्री में भी कार्रवाई के दौरान 31 करोड़ रुपए कीमत की लिक्विड ट्रामाडोल जब्त की गई है। 2018 में ट्रामाडोल ड्रग्स को भारत सरकार ने बैन कर दिया था। ड्रग के भारी मात्रा में टेरर ग्रुप तक सप्लाई होने की जानकारी के बाद यह फैसला लिया गया था। ट्रामाडोल को फाइटर ड्रग्स के नाम से भी जाना जाता है। इसका आतंकवादी लंबे समय तक जागने के लिए लेते हैं।

**ड्रग्स बनाने के लिए 2 भाइयों ने खरीदा था फ्लैट**

डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि एक विशेष सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने 5 अगस्त को महाराष्ट्र के ठाणे के भिवंडी में एक अपार्टमेंट पर छापा मारा। यहां से 800 किलो मेफेड्रोन ड्रग लिक्विड फॉर्म जब्त किया गया। साथ ही मौके पर मोहम्मद युनूस शेख और उसके भाई आदिल शेख को पकड़ा गया। उन्होंने आगे कहा कि गैरकानूनी तरीके से मेफेड्रोन बनाने के लिए दोनों आरोपियों ने पिछले 9 महीने से महाराष्ट्र के भिवंडी स्थित एक फ्लैट रेंट पर लिया था। रॉ मटेरियल समेत अन्य सामान को एकत्र करके केमिकल प्रोसेसिंग शुरू किया था। ड्रग का उनका पिछला बैच नहीं बन पाया था लेकिन यह बैच लगभग तैयार हो चुका था। जब छापेमारी की गई तो लिक्विड ड्रग्स को पाउडर फॉर्म में बदला जा रहा था। सुनील जोशी ने कहा कि 18 जुलाई को सूरत के मेफेड्रोन प्रोडक्शन यूनिट पर कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया था।

# पीर पंजाल में बढ़ा गतिरोध, भारत पहले ही प्रॉक्सी वॉर का कर रहा सामना

### सीडीएस बोले-हमारे पड़ोस में अस्थिरता भी हमारे लिए चिंता की वजह

नई दिल्ली।

भारत-पाकिस्तान सीमा पर फिर तनाव बढ़ने लगा है। भारतीय सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने गुरुवार को कहा है कि पीर पंजाल क्षेत्र में अचानक गतिरोध बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हो रही हिंसा की वजह से चिंताएं पैदा हो गई हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बीच दूसरे देशों के साथ सीमा पर तनाव पहले से ही कायम है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में एक कॉन्फ्रेंस में सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि भारत के पास सुरक्षा चुनौतियों का अपना हिस्सा है। हम पहल से ही जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की ओर से छेड़े प्रॉक्सी वॉर से लड़ रहे हैं। इसमें अब अचानक से पीर पंजाल रेंज में गतिरोध में इजाफा हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि चीन के साथ लंबे समय से चला आ रहा सीमा विवाद अभी खत्म नहीं हुआ है। सीडीएस ने बांग्लादेश हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि हम इस वक्त दो प्रमुख चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिसमें हमारे पड़ोस में अस्थिरता भी हमारे लिए चिंता की वजह है। भारत जैसे बड़े देश के लिए सुरक्षा संबंधी बहुत सारी समस्याएं हैं। उन्होंने कहा भारत युद्धक हथियारों के लिए विदेशी आयात पर निर्भर नहीं रह सकता। खासतौर पर तब जहां वैश्विक सुरक्षा और सरकार हमेशा अस्थिर स्थिति का सामना करती है। सीडीएस का बयान ऐसे समय आया है, जब जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में इजाफा देखने को मिला है। जुलाई के महीने में कई बार आतंकी घटनाएं हुईं, जिसमें सेना के कई जवान भी शहीद हुए। अब बांग्लादेश राजनीतिक उथल-पुथल का सामना कर रहा है। शेख हसीना पीएम पद से इस्तीफा देकर भारत में शरण ली हुई हैं। फिलहाल बांग्लादेश की सेना ने कमान संभाली हुई है।

# विनेश गोल्ड की हकदार, नंबर होता तो उसे राज्यसभा भेजता: हुड्डा

### - फोगाट बोली-अलविदा कुश्ती 2001-2024, आप सबकी हमेशा ऋणी रहूंगी

नई दिल्ली।

राजस्थान के कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भारत की महिला पहलवान विनेश फोगाट के कुश्ती से संन्यास की घोषणा पर कहा कि विनेश फोगाट को गोल्ड मिलना चाहिए। सरकार को मामले को देखना चाहिए कि वह गोल्ड की हकदार है। पहली बार ओलंपिक में ऐसे किसी को अयोग्य घोषित किया गया है। मेरे पास अगर नंबर होते तो विनेश फोगाट को राज्यसभा भेजता।

बता दें विनेश फोगाट को महिलाओं की 50 किलोग्राम कुश्ती स्पर्धा के फाइनल मुकाबले से पहले 100 ग्राम ज्यादा वजन होने से बुधवार को पेरिस ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया। इसके बाद विनेश फोगाट ने इस घटना से दुखी होकर कुश्ती से संन्यास लेने का ऐलान करते हुए कहा कि- मां कुश्ती मेरे से जीत गई मैं हार गई माफ करना आपका सपना मेरी हिम्मत सब टूट चुके हैं इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब। अलविदा कुश्ती 2001-2024। आप सबकी हमेशा ऋणी रहूंगी।

वहीं इससे पहले विनेश फोगाट ने बुधवार को ओलंपिक फाइनल से खुद को अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ अपील की और मांग की कि उन्हें संयुक्त रजत पदक दिया जाए। बता दें हरियाणा की इस धाकड़ पहलवान का पेरिस तक का सफर आसान नहीं रहा और बहुत कुछ दांव पर लगा था। पेरिस ओलंपिक में उन्हें अपने पसंदीदा 53 किग्रा की बजाय 50 किग्रा में उतरना पड़ा। ओलंपिक क्वालीफायर से पहले कई ट्रायल मुकाबले हुए और इस बीच उन्हें घुटने की सर्जरी भी करानी पड़ी थी। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन करने पर उनकी काफी आलोचना हुई और मामला पुलिस और अदालत तक भी पहुंच गया था।

वहीं हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने घोषणा की है कि भले ही विनेश फोगाट फाइनल नहीं खेल पाई, लेकिन उन्हें ईनाम से लेकर वह सभी सुविधाएं दी जाएंगी, जो एक सिल्वर मेडलिस्ट को दी जाती है।

## संक्षिप्त समाचार



### फर्जी डिजिटल लैंडिग एप से निपटने आरबीआई सख्त, अब लोन लेना नहीं होगा आसान

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मॉनिटरी पॉलिसी में डिजिटल एप लोन को लेकर सख्त कदम उठाया है। आरबीआई ने फर्जी डिजिटल लैंडिंग प्लेटफॉर्म से निपटने के लिए पब्लिक रेपोस्टरी बनाने का प्रस्ताव रखा है। यह नियामक संस्था डिजिटल लोन एप की बेहतर निगरानी करने के लिए इस नियामक संस्था को अपनी रिपोर्ट आरबीआई को देनी होगी। इसके अलावा यूपीआई-बेस्ड टैक्स पेमेंट के लिए लेनदेन की सीमा एक लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपए प्रति लेनदेन कर दी गई है। इसके अलावा आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि होमलोन कंपनियां नियमों की अनदेखी कर रही हैं और ऐसे में इन नियमों का उल्लंघन रोकना जरूरी है। मॉनिटरी पॉलिसी में आरबीआई गवर्नर ने देश के फाइनेंशियल सेक्टर को मजबूत बताया है। उन्होंने कहा कि देश का वित्तीय बाजार स्थिर है फिर भी उन्होंने बैंकों और एनबीएफसी में और सुधार के लिए नए उपायों को बनाने की सलाह दी है। वहीं, आरबीआई गवर्नर ने बैंकों से अपनी बचत योजनाओं में डिपॉजिट को और बढ़ाने के लिए नई रणनीतियों को अपनाने को कहा है। उन्होंने कहा कि निवेशकों के पास इन्वेस्टमेंट के अन्य विकल्प होने से वह बैंकों में पैसा जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे में बैंकों के लिए डिपॉजिट को सिक्योर करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसी स्थिति में बैंकों के सामने लिक्विडिटी से जुड़ी परेशानियां पैदा हो सकती हैं।

### थूक से मसाज करने वाला यूसूफ जेल में.....दुकान पर चला बुलडोजर

**पूर्व सांसद ने घटना को थूक जिहाद बताया**

लखनऊ । यूपी के कन्नौज में थूक से मसाज करने वाले सैलूनकर्मी यूसुफ को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उसके सैलून पर बुलडोजर की कार्रवाई हुई है। ये सैलून एक छोटी सी गुमटी में चलाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि यूसुफ की सैलून शॉप (गुमटी) अवैध तरीके से सरकारी जमीन पर बनी थी। इसके बाद नगर पंचायत प्रशासन ने इस अतिक्रमण को हटवा दिया। बता दें कि सैलूनकर्मी यूसुफ का थूक लगाकर ग्राहक का मसाज करने का वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो देखकर सोशल मीडिया यूजर्स भड़क उठे। उन्होंने पुलिस से शिकायत की, इसके बाद जांच पता चला कि वीडियो कन्नौज जिले का है। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर यूसुफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद अब नगर पंचायत प्रशासन ने अवैध तरीके से अतिक्रमण कर बनाए गए सैलून को भी बुलडोजर से गिरा दिया। थूक से मसाज करने वाले वीडियो को लेकर कन्नौज के पूर्व बीजेपी सांसद सुब्रत पाठक ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस हरकत को थूक जिहाद बताया था। पूर्व सांसद पाठक ने लिखा, ये थूक जिहाद की घटना कन्नौज के तालग्राम की है।

### केंद्र सरकार बदलेगी महंगाई का फार्मूला

नई दिल्ली । केंद्र सरकार महंगाई दर के मानक को बदलने की तैयारी कर रही है। खाद्य सामग्रियों के जो आंकडे अभी दिए जा रहे हैं। उन खाद्य सामग्रियों में परिवर्तन किया जाएगा। मानक बदल जाने से आने वाले समय में महंगाई दर के मानक भी बदल जाएगें । आर्थिकी एवं सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा मानक के लिए नया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स बास्केट में 54।5 फीसदी वेज फूड और ब्रेवरेज केटेगरी का होता है। इसमें बदलाव किया जा रहा है। ताकि महंगाई की तेजी को रोका जा सके। सरकार के ऊपर महंगाई भत्ते के रूप में जो बोझ बढ़ रहा है। उसे सरकार इस तरह से नियंत्रित करना चाहती है।

### विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में बढ़े 7 लाख से ज्यादा मतदाता

मुंबई । महाराष्ट्र में 2024 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 7.3 लाख से ज्यादा मतदाता बढ़ गए हैं। इस साल की शुरूआत में हुए लोकसभा चुनाव से पहले मतदाता की संख्या 9,29,43,890 थी। महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी संशोधित आंकड़ों के मुताबिक मतदाताओं की संख्या बढ़कर 9,36,75,934 हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले पुरुष मतदाता 4,83,12,428 और महिला 4,50,17,066 थी, जिसमें 3,40,660 और 3,91,324 की वृद्धि हुई है। राज्य विधानसभा की 288 सीट के लिए इस साल अक्टूबर में चुनाव होना है।

# शेख हसीना को शरण देकर भारत ने निभाई परंपरा, नई सरकार से भी न बिगड़ें रिश्ते

### कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने बांग्लादेश के हालात पर रखी अपनी राय

नई दिल्ली।

अक्सर अपने बयानों को लेकर विवादों में रहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने बांग्लादेश को लेकर कहा है कि बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को शरण देकर भारत ने अपनी सांस्कृतिक परंपरा निभाई है, लेकिन भारत को बांग्लादेश की नई सरकार से भी अपने रिश्ते नहीं बिगाड़ने चाहिए। अय्यर ने ये बात एक साक्षात्कार में कही है। कांग्रेस नेता अय्यर ने कहा मुझे खुशी है कि हिंदुस्तान ने शेख हसीना का स्वागत किया है, और यह भी इशारा किया है कि जब तक कि वह कहां जाकर बसना चाहती हैं, तब तक उनका भारतवर्ष में स्वागत है। अय्यर ने कहा कि बांग्लादेश के प्रधानमंत्रियों में से भारत देश के लिए सबसे बेहतरीन पीएम शेख हसीना ही रही हैं। उन्होंने कहा कि शेख हसीना की सोच सेकुलर है। उन्होंने अपने देश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के बचाव के लिए उनकी प्रगति के लिए बहुत कुछ किया है, जो काबिल-ए-तारीफ है। अय्यर ने कहा कि लेकिन बांग्लादेश में जो नई सरकार आ रही है हमें यह मानना चाहिए कि यह तय करना बांग्लादेश का हक है कि वहां कौन सरकार चलाएगा और जो भी आए उनके साथ अच्छे संबंध कायम करना हमारा फर्ज बनता है। ऐसा न हो कि हसीना की खातिर हम अपने रिश्ते बांग्लादेश से बिगाड़ लें। उन्होंने कहा कि शेख हसीना भारत की बहुत करीबी दोस्त रही हैं और आज उनके मुश्किल समय में भारत ने उन्हें शरण दी है। भारत हमेशा से शरण देता आया है। हमारी विरासत में यह है कि हमारे दोस्त जब दिक्कत में हों तो उनको भरोसा होना चाहिए कि उनको भारत में शरण मिलेगी। बता दें बांग्लादेश में नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन उग्र रूप ले चुका है। हालात ऐसे हो गये कि पीएम शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। वह इस समय भारत में हैं। गुरुवार रात बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का शपथ ग्रहण होना है। अय्यर ने कहा कि खबरें आ रही हैं कि बांग्लादेश के घटनाक्रम के पीछे शायद पाकिस्तान और अमेरिका का दखल रहा हो, लेकिन अब तक कोई पक्के सबूत नहीं मिले हैं। भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ बातचीत के बारे में उन्होंने ने कहा कि हमारे देश के अल्पसंख्यकों के लिए उसके साथ बातचीत जरूरी है।

# जम्मू कश्मीर, हरियाणा और महाराष्ट्र में एक साथ हो सकते हैं विधानसभा चुनाव

### चुनाव आयोग इन राज्यों का करेगा दौरा फिर होगा फैसला

नई दिल्ली।

जम्मू कश्मीर, हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनाव एक साथ हो सकते हैं। झारखंड चुनाव अलग से होने की बात कही जा रही है। इस पर आखिरी फैसला 20 अगस्त तक लिया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक जम्मू कश्मीर के बाद चुनाव आयोग हरियाणा और महाराष्ट्र का दौरा करेगा। 12-13 अगस्त को हरियाणा के दौरे पर चुनाव आयोग जाएगा। हरियाणा के बाद चुनाव आयोग महाराष्ट्र का भी दौरा करेगा। जम्मू कश्मीर, हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव, झारखंड का चुनाव अलग होने की संभावना बरकरार है। हरियाणा और महाराष्ट्र में अक्टूबर में मतदान होना है।

जम्मू कश्मीर में सितंबर-अक्टूबर में मतदान संभावित है। जम्मू कश्मीर में चुनाव कराने का अंतिम फैसला सभी से बात करने के बाद होगा। हालांकि चुनाव आयोग ने अब तक जो चुनावी दिशा निर्देश जारी किए हैं वह जम्मू कश्मीर हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के लिए भी हैं, लेकिन चुनाव आयोग के पास झारखंड के चुनाव को अलग करने का भी विकल्प मौजूद है।

सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार 9 अगस्त को आयोग की टीम सुबह जम्मू के लिए रवाना होगी। इससे पहले श्रीनगर में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से मुलाकात करेगी।

टीम जम्मू में दोपहर करीब एक बजे प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक के बाद 2-30 बजे पत्रकारवार्ता करेगी। शाम 4-30 बजे टीम दिल्ली के लिए रवाना होगी। टीम के इस दौरे को जम्मू-कश्मीर में आगामी चुनावों की समय सीमा और तौर-तरीके तय करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

समाचार गेट

TITLE CODE: HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर-6 नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक, कृष्णा शर्मा। सम्पादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः ब्रह्मदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : samachargate@gmail.com



## अहाना ने सोशल मीडिया को कलाकारों के लिया बताया अभिशाप

अभिनेत्री अहाना एस कुमरा ने हिंदी सिनेमा ने अपने 10 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ टीवी शो युद्ध से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। वह लिपस्टिक अंडर माय बुर्का, द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर और सलाम वेंकी जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। इसके बावजूद भी उन्हें लगता है कि आज उनके लिए काम पाना पहले की तुलना में कहीं ज्यादा मुश्किल है। उन्होंने कहा कि प्रभाव और नेटवर्किंग ही एकमात्र ऐसी चीज है, जिनके जरिए आपको काम मिल रहा है। अहाना ने कहा, बहुत से सितारे उलझन में हैं कि इससे कैसे निपटा जाए, क्योंकि हमें सोशल मीडिया पर आक्रामक रूप से सक्रिय रहने और पीआर एजेंसियों की मदद लेने के लिए कहा जा रहा है। अभिनेत्री ने कहा सोशल मीडिया अभिनेताओं के लिए वरदान से ज्यादा अभिशाप बन गया है। उन्होंने कहा, जब मैंने शुरुआत की थी, तो सोशल मीडिया पर खास तरह का दिखने और रील और डांस वीडियो करते रहने का इस तरह का दबाव नहीं था। आज बहुत सारी कास्टिंग सोशल मीडिया फॉलोअर्स के आधार पर हो रही है।

उन्होंने कहा, आज के समय में काम पाना बहुत मुश्किल और बेहद दर्दनाक है। यहां तक कि जिन फिल्म निर्माताओं के साथ आप काम करना चाहते हैं, वे भी सोशल मीडिया के प्रभाव वाले लोगों की ओर बढ़ रहे हैं। इसलिए कलाकार सोच में पड़ जाते हैं कि क्या मुझे एक प्रभावशाली व्यक्ति बन जाना चाहिए और नौकरी पाने के लिए सोशल मीडिया पर नाचना शुरू कर देना चाहिए? अभिनेत्री ने आगे कहा, क्या मुझे बड़बड़ाना शुरू कर देना चाहिए। नकल करनी चाहिए या दिल्ली की आंटी की तरह बनना चाहिए? क्या आपको इस तरह से नौकरी मिलेगी? क्योंकि मुझे नहीं लगता कि वे लोग इससे ज्यादा कुछ कर पाएंगे। अहाना ने कहा कि सोशल मीडिया के दबाव के साथ बाहरी व्यक्ति होना भी इंडस्ट्री में नुकसानदेह है। उन्होंने कहा, भारत में एक समय के बाद हमारी इंडस्ट्री में अभिनेताओं की कमी हो जाएगी। अगर आपको हर दिन सोशल मीडिया रील बनाने और कास्ट होने के लिए डांस करने के लिए कहा जाए, तो कौन अभिनय करने जा रहा है?

अहाना कुमरा ने नेपोटिज्म को लेकर कहा, यह एक बहुत ही क्रूर और कठिन इंडस्ट्री है। बाहरी व्यक्ति के तौर पर यह आपको दूसरा मौका नहीं देती, जबकि अंदरूनी व्यक्ति के तौर पर आपको 20-30 फिल्में बर्बाद करनी पड़ती हैं। ताकि इससे पहले आप यह समझ पाएं कि कैसे परफॉर्म करना है। फिल्मी परिवारों के युवा बच्चों को इंडस्ट्री में आने के लिए पांच साल की उम्र से ही तैयार किया जाता है।



## फिल्म 12वीं फेल के बाद नेशनल क्रश बन गई थीं मेधा शंकर, तब विक्रांत मैसी ने दी थी ये सलाह

**पिछले साल रिलीज हुई फिल्म '12वीं' फेल काफी चर्चा में रही थी। फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। इसमें अभिनेता विक्रांत मैसी और अभिनेत्री मेधा शंकर की जोड़ी को काफी सराहा गया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफलता हासिल करने के बाद, ओटीटी पर भी काफी देखी गई थी। फिल्म में मेधा ने श्रद्धा जोशी का किरदार निभाया था।**



मेधा के इस किरदार की वजह से उन्हें काफी पहचान मिली। उनकी मासूमियत की वजह से उन्हें काफी पसंद किया गया। उनके सोशल मीडिया पर फॉलोवर्स की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई। सोशल मीडिया पर उन्हें नेशनल क्रश तक कहा जाने लगा। फिल्म की वजह से उनकी पूरी जिंदगी रातों-रात बदल गई थी। इस दौरान उन्हें अपने सह-कलाकार और फिल्म के निर्माता से बेहद जरुरी सलाह मिली थी।

एक इंटरव्यू के दौरान मेधा ने फिल्म के बाद अपने जीवन में आए बदलावों पर बात की है। उन्होंने कहा मुंबई में आने के बाद पांचवें साल में उन्हें ये फिल्म मिली थी। हालांकि, अभिनेत्री ने इस अवधि को संघर्ष बताने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, यह आसान नहीं था, लेकिन मैं इसे संघर्ष कहना पसंद नहीं करती। यह एक बहुत ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है। अभिनेत्री ने कहा कि मशहूर फिल्म निर्माता विधु विनोद चोपड़ा ने उन पर विश्वास दिखाते हुए ऑडिशन के लिए भी नहीं कहा था। मेधा के मुताबिक, उन्हें इतने बड़े अवसर की उम्मीद भी नहीं थी। इस दौरान उन्होंने निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा की फिल्मों में महिला किरदारों के चित्रण की तारीफ की। उन्होंने कहा कि उन्हें पता था कि जब लोग उन्हें श्रद्धा के किरदार में देखेंगे, तो उन्हें पसंद करेंगे।

अभिनेत्री ने खुलासा किया विधु विनोद चोपड़ा और विक्रांत मैसी ने उन्हें सलाह दी थी कि वो सफलता की वजह से अपने अंदर बदलाव को ना आने दें। मेधा ने विक्रांत की सलाह को लेकर कहा, जब मुझे नेशनल क्रश के रूप में काफी ज्यादा चर्चा मिली, तो उन्होंने मुझसे कहा था कि मेधा, बस याद रखो कि ये सब कुछ बस थोड़ी देर के लिए है, इसलिए बस सही चीजों पर ध्यान केंद्रित करो।

## हीरामंडी के शूटिंग एक्सपीरियंस से नाखुश जेसन शाह



मई 2024 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी काफी चर्चा में रही थी। मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा स्टारर इस सीरीज में जेसन शाह ने कार्टराइट का रोल प्ले कर हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया था, हालांकि अब एक्टर की मानें तो उनका शूटिंग एक्सपीरियंस कुछ खास नहीं था। एक्टर ने बताया है कि सेट पर कम्युनिकेशन की काफी कमी थी। हाल ही मे इनसाइड द माइंड विद ऋषभ को दिए इंटरव्यू में जेसन शाह ने हीरामंडी सीरीज की मेकिंग पर बात की है। एक्टर ने कहा है कि हीरामंडी के सेट पर कम्युनिकेशन की कमी थी। उन्होंने कहा, मुझे ऐसा लगता है कि सब कुछ कम समय में हड़बड़ी में किया जाता है। ऐसे में कम्युनिकेशन की कमी हो जाती है। ये एक वीक पॉइंट है, जिस पर इंडस्ट्री को काम करना चाहिए। बातचीत के दौरान जेसन शाह ने ये भी बताया कि ज्यादातर हिस्सों में संजय लीला भंसाली ने उन्हें डायरेक्ट नहीं किया था। एक्टर अपने किरदार से भी ज्यादा खुश नहीं थे। इंटरव्यू में जेसन ने कहा है, मैंने हाल ही में लापता लेडीज देखी, उस फिल्म के किरदारों में गहराई थी। डायलॉग्स में गहराई थी। उसे देखकर आपका मनोरंजन होता है। अगर ऐसी और फिल्में बनेंगी, जिनमें किरदारों को गहराई से दिखाया जाएगा, तो लोग उससे कनेक्ट हो सकेंगे।

## अनन्या पांडे की फिल्म सीटीआरएल की रिलीज डेट का ऐलान, कंटेंट क्रिएटर की भूमिका में आएंगी नजर



बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे अपने आगामी प्रोजेक्ट सीटीआरएल को लेकर इन दिनों सुर्खियों में हैं। उनकी फिल्म सीटीआरएल की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। यह फिल्म 4 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर आयेगी। जानकारी के अनुसार, अनन्या पांडे सीटीआरएल में एक कंटेंट क्रिएटर की भूमिका निभा रही हैं। यह एक थ्रिलर फिल्म है और इसका निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी ने किया है। नेटफ्लिक्स के साथ अनन्या पांडे का यह दूसरा प्रोजेक्ट है। इससे पहले उनकी फिल्म 'खो गए हम कहां' नेटफ्लिक्स पर आ चुकी है। अनन्या ने फिल्म के बारे में कहा, सीटीआरएल एक आकर्षक प्रभावशाली फिल्म है, जो यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या वास्तव में आपका जीवन आपके अपने नियंत्रण में होता है। मेरा मानना है कि यह फिल्म सभी के लिए है, क्योंकि टेक्नॉलॉजी में तेजी से इजाफा हो रहा है और इस पर हमारी निर्भरता भी बढ़ती जा रही है। निर्देशक विक्रमादित्य मोटवाने का मानना है कि हम अपने डिवाइस पर जितना समय बिताते हैं, उस हिसाब से स्क्रीन टाइम को अब स्क्रीन लाइफ हो गया है। उन्होंने कहा, सवाल यह है कि क्या वास्तव में हम अपने जीवन के सभी डिजिटल एक्सटेंशन को नियंत्रण कर रहे हैं, या हमें नियंत्रित किया जा रहा है यही कारण है कि इसका जवाब 'सीटीआरएल' के जरिए तलाशा जा रहा है। इस तरह के नए युग की अवधारणा के लिए, हमें न केवल ऐसे कलाकारों की जरूरत थी जो इस तरह का जीवन जीते हों, बल्कि नेटफ्लिक्स जैसा प्लेटफॉर्म भी चाहिए था, जो लोगों के बीच लोकप्रिय है। प्रोड्यूसर निखिल द्विवेदी ने फिल्म सीटीआरएल को लेकर खुशी जाहिर की।



## सन ऑफ सरदार
## से बाहर हुए संजय द

संजय दत्त और अजय देवगन एक जोड़ी एक बार फिर से परदे पर दिखने वाली थी, लेकिन अब ऐसा नहीं हो पाएगा। दोनों सन ऑफ सरदार 2 में नजर आने वाले थे, जो साल 2012 में रिलीज हुई सन ऑफ सरदार का सीक्वल है। इसकी वजह यह है कि संजय दत्त इस फिल्म से बाहर हो गए हैं। संजय दत्त के फिल्म से बाहर होने की वजह यह है कि उन्हें यूके का वीजा नहीं मिल पाया है और उन्हें फिल्म की शूटिंग के लिए वहां जाना था। मिड-डे में छपी एक रिपोर्ट बताती है कि अब अभिनेता और बीजेपी सांसद रवि किशन को संजय दत्त की जगह कास्ट कर लिया गया है। संजय दत्त ने सन ऑफ सरदार में बिल्लू का किरदार निभाया था और अजय देवगन,

जस्सी रंधावा के रोल में न
आए थे। दर्शकों को संजय
फिल्म से बाहर होने के च
दोनों को एक साथ सिल्वर स्
पर देखने के लिए किसी दू
फिल्म का इंतजार करना हो
इस फिल्म में मृणाल ठाकुर
अभिनय कर रही हैं और
फिलहाल स्कॉटलैंड में फिल्
जा रहा है। साल 1993 में
बम धमाकों के बाद, जब सं
दत्त को आर्म्स एक्ट का उ
करने का दोषी पाया गया थ
उन्हें पांच साल की सजा मि
थी, जिसे उन्होंने 2016 में
किया था। रिपोर्ट्स के मुता
अपनी गिरफ्तारी के बा
संजय दत्त आज तक यूके
जा पाए हैं। वो वीजा के लिए
बार आवेदन कर चुके हैं, ले
कभी बात नहीं बनी। सन 3
सरदार एक कॉमेडी एव
फिल्म है। इसका निर्देशन अ
धिर ने किया था। इसमें अ
देवगन और संजय दत्त के अ
सोनाक्षी सिन्हा, मुकुल देव,
दारा सिंह, अर्जन बाज
तनुजा और स
मिश्रा समेत
कलाकार
अभिनय वि
था। फिल्
गाने पो प
सल
खान
थिर
नजर



## मुझे कई फिल्मों के लिए पैसे नहीं मिले...

**सुनिधि चौहान देश की मशहूर गायिका हैं। उन्होंने एक से बढ़कर सुपरहिट गाने दिए हैं। बड़ी संख्या में देश भर में उन्हें लोग उन्हें पसंद करते हैं। यही नहीं, सुनिधि चौहान भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा भुगतान पाने वाली गायिकाओं में से भी एक हैं। हाल ही में, उन्होंने बॉलीवुड संगीत माफिया के बारे में खुलकर बात की, जिस पर सोनू निगम ने भी कमेंट किया था।**

### बॉलीवुड माफिया पर बोलीं सुनिधि

हाल ही में, एक इंटरव्यू में सिंगर से पूछा गया कि क्या बॉलीवुड माफिया ही इंडस्ट्री की चीजों को नियंत्रित करता है। राज शमनी से बात करते हुए सुनिधि ने जवाब दिया, यह हर जगह मौजूद है। लॉबी पुरस्कार समारोहों, संगीत, फिल्मों और रिएलिटी शो में मौजूद है। यह ऐसी चीज है, जिससे आप बच नहीं सकते। आप अपना काम करें, और अगर आप इसमें शामिल होना चाहते हैं तो चीजों को ठीक करने के लिए ऐसा करें। सिंगर से आगे पूछा गया, कई बार ऐसा होता है कि एक गाना कई गायकों के साथ बनाया जाता है, और फिर निर्माता एक को चुन लेते हैं और बाकी को काम के लिए पैसे भी नहीं मिलते। तो क्या बॉलीवुड में पैसे नहीं मिलते? इस पर सुनिधि ने कहा, मुझे कई फिल्मों के लिए पैसे नहीं मिले। आज भी वे मुझे पैसे नहीं देते। वे पूछते हैं और मैं पैसे नहीं लेती क्योंकि मुझे लगता है कि इस गाने के लिए मुझे पैसे की जरूरत नहीं है। कुछ जगहों पर मैं मदद करना चाहती हूं इसलिए मैं अपनी कीमत बताती हूं और गाना गाती हूं।

### सोनू निगम ने की थी चर्चा

सुनिधि ने आगे कहा, आप किसी के अहंकार को ठेस नहीं पहुंचाना चाहते क्योंकि हर कोई आपकी तरह नहीं सोचता। वे यह भी नहीं समझ सकते कि आप कैसा महसूस कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले सोनू निगम ने एक बार इस समूह के बारे में एक बयान दिया था, जिसमें कहा गया था कि कुछ ही लोग हैं, कुछ ही लोगों को आगे बढ़ाएंगे?

## सर्जरी कराने को लेकर ट्रोल हुईं रिमी सेन



एक समय कॉमेडी फिल्मों में नजर आने वाली अभिनेत्री रिमी सेन इन दिनों अपने लुक्स को लेकर हर तरफ चर्चा में हैं। अभिनेत्री वर्षों से लाइमलाइट से दूर हैं, लेकिन एक रैंडम रेडिट पोस्ट ने रिमी सेन को फिर से लाइमलाइट में ला दिया। सोशल मीडिया पर उनकी लेटेस्ट तस्वीरें वायरल होने लगी, जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने सर्जरी करवा ली है। इसके बाद अभिनेत्री को आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा। हालांकि, अब रिमी ने ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। रिमी ने कहा, अगर लोगों को ऐसा लग रहा है कि मैंने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है... अगर यह अच्छे तरीके से हो, तो यह मेरे लिए बहुत अच्छा है। बिना प्लास्टिक सर्जरी करवाए बिना ही लोग बोल रहे हैं। मैंने केवल फिलर्स, बोटॉक्स, पीआरपी ट्रीटमेंट करवाया है, इसके अलावा कुछ नहीं।

### अभिनेत्री ने बताया कि उनके पास अच्छे डॉक्टर्स हैं

अभिनेत्री ने आगे कहा, जब तक कोई व्यक्ति कोई अपराध करके भाग न रहा हो, तब तक उसे प्लास्टिक सर्जरी करवाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। भारत के बाहर बहुत से अच्छे डॉक्टर हैं, जो फेसलिफ्ट करने में माहिर हैं। मैं भी यह करवाना चाहती हूं, लेकिन मैं 50 की उम्र पार करने के बाद इस बारे में सोचूंगी। अभी इन सबसे काम चल रहा है।